✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 353 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 23 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सासाराम में तीन लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार अंचल अधिकारी आकाश कुमार रौनियार

# बिहार में हर साल 20 हजार शिक्षकों की भर्ती : सम्राट

## हर साल जुलाई में होगी शिक्षक भर्ती परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में हर साल लगभग 20 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। शिक्षक भर्ती परीक्षा का विज्ञापन हर साल जुलाई महीने में जारी किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में एक लाख सरकारी शिक्षकों की नियुक्ति होंगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। सीएम ने शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें टीचर ट्रांसफर, बच्चों की स्कूल ड्रेस से संबधित निर्णय शामिल हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य के सभी बच्चों को अच्छी और गुणवतापूर्ण शिक्षा मिले, इसे लेकर सरकार लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के ट्रांसफर की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुगम बनाया जाएगा। महिला टीचर की पोस्टिंग यथासंभव उनके गृह जिले के अपने प्रखंड और गृह पंचायत या फिर पंचायत के बगल में ही किया जाएगा। वहीं, पुरूष शिक्षकों को गृह जिले के अपने गृह प्रखंड के बगल के प्रखंड में तबादले की नीति बनाई जाएगी। सीएम ने कहा कि बिहार के सभी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को पोशाक की आपूर्ति जीविका के माध्यम से किया जाएगा। इससे स्कूल ड्रेस की ससमय आपूर्ति के साथ महिला स्वावलंबन को भी बल मिलेगा। बैठक में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह एवं संजय कुमार सिंह, शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक साजन राजसेकर, प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम वीरकर उपस्थित थे।

## सरकारी शिक्षकों के वेतन के लिए 642 करोड़ जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने सरकारी शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान को लेकर विशेष कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत उन्हें नियमित रूप से समय पर वेतन देने की योजना है। सरकार ने शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए 642 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। इस समय सभी शिक्षकों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

# रिश्वत लेते सासाराम सीओ समेत तीन गिरफ्तार

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले में शुक्रवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने दो अलग-अलग बड़ी कार्रवाई करते हुए सासाराम सीओ आकाश कुमार रौनियार, उनके सहयोगी सोनू कुमार के अलावा सदर अस्पताल, सासाराम के एक कर्मी सतीश कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सासाराम सीओ को मोरसराय स्थित निजी आवास से उनके सहयोगी के माध्यम से तीन लाख रुपये घूस लेते दबोच लिया। बताया गया कि एक मामले के सेटलमेंट के लिए कुल छह लाख रुपये में डील तय हुई थी। जैसे ही सहयोगी के हाथों रिश्वत की राशि ली गई, निगरानी टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक विकास कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सदर अस्पताल के कर्मी सतीश कुमार को सिविल सर्जन कार्यालय के समीप मंदिर के पास 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। बताया गया कि वह बाइक से वहां पहुंचे थे और शिकायतकर्ता से घूस की राशि ले रहे थे तभी टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। निगरानी की दोनों टीम आगे की कानूनी कार्रवाई और पूछताछ में जुटी हुई है।

# कई वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों का तबादला

## कुंदन कुमार गृह सचिव एवं दीपक कुमार सिंह बने राज्यपाल के प्रधान सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने एक बार फिर बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों के पद और अतिरिक्त प्रभार में बदलाव किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल सचिवालय, गृह विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, वित्त, राजस्व एवं भूमि सुधार समेत कई अहम विभागों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इस फ़ेरबदल में 1992 से लेकर 2013 बैच तक के अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। कई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है जबकि कुछ को पुराने अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार 1992 बैच के आइएएस दीपक कुमार सिंह को राज्यपाल का प्रधान सचिव बनाया गया है। साथ ही वे महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी संभालते रहेंगे। 1995 बैच के आइएएस अरविन्द कुमार चौधरी को गृह विभाग से हटाकर अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बनाया गया है। उन्हें बिहार राज्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद के परीक्षा नियंत्रक तथा बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं 1995 बैच के आइएएस एवं जो वर्तमान में सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर को अब निगरानी विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। 2004 बैच के आइएएस एवं उद्योग विभाग के सचिव कुन्दन कुमार को गृह विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वे पहले से बिहार फाउंडेशन, बियाडा और आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वहीं 2007 बैच के आइएएस एवं वित्त विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह को सामान्य प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। इसी प्रकार 2007 बैच की आइएएस सीमा त्रिपाठी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है जबकि 2011 बैच के आइएएस एवं सिविल विमानन विभाग के निलेश रामचंद्र देवरे को बिहार राज्य आवास बोर्ड का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वहीं 2012 बैच के आइएएस एवं बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक इनायत खान को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जबकि इसी बैच के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव अरविन्द कुमार वर्मा को उद्योग विभाग के विशेष सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार बिहार राज्य आवास बोर्ड के प्रबंध निदेशक रहे 2013 बैच के आइएएस राजीव कुमार श्रीवास्तव को वित्त विभाग का अपर सचिव बनाया गया है।

# ट्रेन से गिरकर पिता-पुत्र की मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व मध्य रेल के पटना-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर शुक्रवार को जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर यूपी निवासी पिता-पुत्र की मौत हो गई। बेटे की घटनास्थल पर व पिता ने इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में दम तोड़ दिया। मृतकों में उत्तर प्रदेश के रामपुर जिला के टांडा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी 35 साल के अजीम और 4 साल का उसका बेटा डानयाल शामिल है। इधर मृतक के जीजा मरगूब ने बताया कि उनका साला अजीम अपनी पत्नी नाजिया परवीन व दो बेटे डानयाल व छोटू के साथ उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जंक्शन से गुरुवार को जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन से पटना जा रहा था। जाने के क्रम में शुक्रवार की सुबह जब ट्रेन आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रुकी तो वह कुछ सामान खरीदने के लिए अपने बेटे के साथ उतर गया। इस दौरान ट्रेन खुल गई। तभी चढ़ने के दौरान दोनों ट्रेन से गिर पड़े जिससे उनकी मौत हो गई।

# राज्य में कोई भी गरीब बेघर नहीं रहेगा : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि सभी जिलों के लिए जारी कर दी गई है। सूचना एवं जन-संपर्क, ग्रामीण विकास विभाग सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जारी इस राशि की मदद से पात्र गरीब जनता को अपना पक्का घर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संकल्पों को पूरा करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। राज्य का कोई भी पात्र ग्रामीण गरीब परिवार गृह विहीन नहीं रहेगा, सरकार उन्हें आवास सहायता प्रदान कर पक्के छतदार मकान उपलब्ध कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। जारी हुई इस निधि से लाभुक अपने जीर्ण-शीर्ण आवासों का निर्माण कार्य पूरा करा सकेंगे। विदित हो कि योजनान्तर्गत 1 जनवरी, 1996 के पूर्व विभिन्न आवास योजनाओं के तहत समूहों में निर्मित आवास जो वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, उनके लाभुक पूर्व से आवास प्राप्त रहने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभ से वंचित हैं। वैसे परिवार जिनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रतीक्षा सूची में शामिल नहीं है, उन्हें आवास निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत सभी जिलों में 1 लाख 20 हजार रूपये के दर से तीन किश्तो में दी जा रही है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पूर्व विधायक सोम प्रकाश सिंह की पेंशन बंद

- **ओबरा सीट से सोम प्रकाश का निर्वाचन रद्द**
- **विधानसभा सचिवालय ने पेंशन रोकने का दिया आदेश, दूसरी ओर प्रमोद चंद्रवंशी ने उठायी वेतन-भत्ते की मांग**



सोम प्रकाश सिंह



प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा सचिवालय ने पन्द्रहवीं विधानसभा के ओबरा क्षेत्र से सदस्य रहे सोम प्रकाश सिंह को दी जा रही सदस्य पेंशन तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट द्वारा 28 जनवरी 2026 को दिए गए फैसले एवं बिहार के महाधिवक्ता से प्राप्त विधिक परामर्श के आधार पर की गई है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय के अवर सचिव जय प्रकाश दूबे ने महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय, पटना को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि सोम प्रकाश सिंह को पूर्व सदस्य के रूप में मिल रही पेंशन एवं अन्य सुविधाओं को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सिविल अपील संख्या 5652/2014 सोम प्रकाश सिंह बनाम प्रमोद सिंह चंद्रवंशी में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद प्राप्त विधिक राय के अनुसार सोम प्रकाश सिंह को बिहार विधानसभा का सदस्य नहीं माना जा सकता। ऐसे में वे 15वीं बिहार विधानसभा के कार्यकाल से जुड़े किसी भी लाभ, जिसमें पेंशन संबंधी सुविधाएं भी शामिल हैं, के हकदार नहीं होंगे। इधर, इस फैसले के बाद ओबरा विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में नया मोड़ आ गया है। न्यायिक लड़ाई लड़ने वाले एवं तब के चुनाव में मुख्य प्रतिद्वंद्वी प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने इसे सत्य की जीत बताते हुए कहा है कि सर्वोच्च **(शेष पृष्ठ 8 पर)**

# बिहार विधान परिषद चुनाव में एनडीए का फॉर्मूला लगभग तय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद की नौ सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर एनडीए के भीतर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। अंदरखाने लगातार बैठकों और बातचीत का दौर चल रहा है। सूत्रों की मानें तो सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लगभग तय हो चुका है और अब सिर्फ आधिकारिक घोषणा बाकी है। जानकारी के मुताबिक भाजपा और जदयू तीन-तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सकती हैं। वहीं चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक-एक सीट मिलने की संभावना है। इसके अलावा एक सीट पर उपचुनाव भी होना है। इसको लेकर अब भी अंतिम बातचीत जारी है। गठबंधन के भीतर कई दौर की चर्चा के बाद शुरुआती सहमति बन चुकी है। भाजपा और जदयू दोनों बड़ी पार्टियां होने के कारण बराबर सीटों की हिस्सेदारी चाहती थीं। वहीं छोटे सहयोगी दलों को भी साथ लेकर चलने की रणनीति के तहत एलजेपी (रामविलास) और आरएलएम को भी जगह देने का फैसला किया गया है। एनडीए इस बार किसी भी सहयोगी दल को नाराज नहीं करना चाहता। इसी वजह से सीट बंटवारे में संतुलन बनाने की कोशिश हो रही है।



# 61 दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को मिली 37.50 करोड़ की सहायता राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार पुलिस मुख्यालय स्थित सरदार पटेल भवन सभागार में एक विशेष समारोह में बैंक ऑफ बड़ौदा की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत 61 दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को कुल 37.50 करोड़ की बीमा एवं सहायता राशि वितरित की गई। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में पुलिस मुख्यालय एवं गृह विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, अपर मुख्य सचिव (गृह) अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री सचिव संजय कुमार सिंह सहित सभी पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से बिहार प्रमुख एवं महाप्रबंधक सुब्रत कुमार स्वाईं, उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख नलिन कुमार, उप महाप्रबंधक एवं व्यवसाय प्रमुख राकेश रंजन सिंह, अनुपालन प्रमुख प्रिय रंजन तथा रक्षा बैंकिंग के उप महाप्रबंधक दीपक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दुर्घटनाओं में शहीद हुए 16 पुलिसकर्मियों के परिजनों को दुर्घटना बीमा के तहत कुल 28.70 करोड़ की राशि प्रदान की गई। वहीं एक पुलिसकर्मी को दुर्घटना से विकलांगता बीमा के तहत 75 लाख की सहायता दी गई। इसके अलावा प्राकृतिक मृत्यु अथवा बीमारी से दिवंगत 44 पुलिसकर्मियों के परिजनों को 20 लाख प्रति परिवार के हिसाब से कुल 8.80 करोड़ की बीमा राशि वितरित की गई। लाभार्थियों में दो महिला पुलिसकर्मी, 58 पुरुष पुलिसकर्मी तथा एक दिव्यांग कर्मी शामिल रहे। बताया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आयोजित इस वितरण कार्यक्रम के बाद पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले परिजनों की कुल संख्या 151 हो गई है। अब तक कुल 79.95 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है।

गौरतलब है कि बिहार पुलिस और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच 23 अगस्त 2024 को एक विशेष समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया था। इसके तहत बिहार पुलिसकर्मियों का वेतन बैंक ऑफ बड़ौदा के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत मिलने वाला बीमा लाभ पूरी तरह निःशुल्क है तथा यह पुलिस विभाग द्वारा दिए जाने वाले अन्य लाभों के अतिरिक्त है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बैंक ऑफ बड़ौदा की पहल की सराहना करते हुए कहा कि दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को समय पर आर्थिक सहायता मिलना सराहनीय कदम है। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा के बिहार प्रमुख सुब्रत कुमार स्वाईं ने कहा कि बैंक भविष्य में भी पुलिसकर्मियों एवं बिहार सरकार के अन्य वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी योजनाएं जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ बिहार की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के 148 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

## राज्यपाल एवं पशुपालन मंत्री ने किया विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में राज्यपाल ले. ज. सैयद अता हसनैन, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंद किशोर राम ने भाग लिया और विद्यार्थियों के उत्साह, ऊर्जा तथा उपलब्धियों की सराहना की। राज्यपाल ले. ज. सैयद अता हसनैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान एवं कौशल का उपयोग समाज की सेवा तथा देश के विकास में करने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित समारोह में कुल 148 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गईं। साथ ही विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री नंद किशोर राम ने कहा कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय लगातार शैक्षणिक, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला है और इन क्षेत्रों में तकनीकी एवं वैज्ञानिक विकास से किसानों एवं ग्रामीणों की आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से निकलने वाले युवा वैज्ञानिक, पशु चिकित्सक एवं प्रोफेशनल्स राज्य और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मंत्री ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और नवाचार के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि संस्थान पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अहम बैठक

# किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर कृषि विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में वैश्विक वातावरण में लोगों पर पड़ रहे प्रभाव के बीच किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के अलावा फार्मर रजिस्ट्री, बागवानी प्रोत्साहन नीति, बिहार बागवानी नर्सरी अधिनियम तथा मधु क्रांति को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को खाद एवं बीज समय पर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसके जरिए किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न अनुदान योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से मिल सकेगा। मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के बीच इस बात पर भी चर्चा हुई कि किसानों को खाद-बीज वितरण में किसी प्रकार की कठिनाई न हो तथा अनुदान योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। सरकार इस दिशा में पूरी गंभीरता और सजगता के साथ कार्य कर रही है। कृषि क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था विकसित करने तथा किसानों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाओं और नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर सहमति बनी। बैठक में बिहार बागवानी नर्सरी अधिनियम को और सशक्त बनाने तथा राज्य में बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। साथ ही मधु क्रांति अभियान को बढ़ावा देकर किसानों एवं मधुमक्खी पालकों की आय बढ़ाने के लिए विशेष पहल करने पर विचार-विमर्श हुआ। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 28 एवं 29 मई 2026 को नई दिल्ली में शारदीय फसलों को लेकर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कर्मशाला के संदर्भ में भी मुख्यमंत्री के साथ विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में बिहार की कृषि संभावनाओं, किसानों की आवश्यकताओं तथा शारदीय (खरीफ) फसलों के उत्पादन को बढ़ाने की रणनीति पर विचार किया गया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कृषि क्षेत्र को आधुनिक, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### पटना में विधानसभा कर्मियों के लिए

# पिंक, ग्रीन और इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वैश्विक ऊर्जा संकट और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती खपत को कम करने के उद्देश्य से बिहार विधान सभा सचिवालय ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में परिवहन विभाग के मंत्री दामोदर रावत एवं विभागीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर सचिवालय कर्मियों के लिए पिंक, ग्रीन (सीएनजी) एवं इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया। बैठक में विधानसभा सचिवालय में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासीय क्षेत्रों से कार्यालय तक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा हुई। परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा पहले से विभिन्न रूटों पर 6 इलेक्ट्रिक एवं 5 पिंक बसों का संचालन किया जा रहा है जिसका उपयोग विधानसभा सचिवालय के कर्मी भी कर सकते हैं। बैठक में सचिवालय की ओर से तीन प्रमुख रूटों का प्रस्ताव रखा गया जिस पर परिवहन मंत्री ने तत्काल सहमति प्रदान की।

### 25 मई से हर दिन तीन जिलों की होगी राजस्व कार्यों की समीक्षा

# मंत्री खुद करेंगे जिलों की मॉनिटरिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य में राजस्व प्रशासन को और अधिक जवाबदेह तथा प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 25 मई 2026 से 11 जून 2026 तक राज्य के सभी जिलों की प्रतिदिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। समीक्षा स्वयं मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल द्वारा की जाएगी। अपर सचिव आजीव वत्सराज द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक कार्य दिवस में तीन जिलों के साथ अलग-अलग सत्रों में समीक्षा होगी। बैठक तीन पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली शाम 4 बजे से 5 बजे तक, दूसरी पाली 5 बजे से 6 बजे तक तथा तीसरी पाली 6 बजे से 7 बजे तक चलेगी। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्वयं समीक्षा बैठक में शामिल हों तथा बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, अंचलाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि समीक्षा के समय सभी अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध रखने होंगे। राजस्व विभाग द्वारा जारी कार्यसूची के अनुसार समीक्षा के दौरान ऑनलाइन दाखिल-खारिज के डिफेक्ट चेक और लंबित मामलों के निष्पादन की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा परिमार्जन प्लस के अंतर्गत डिजिटाइज जमाबंदी के शुद्धिकरण और छूटी हुई जमाबंदियों के डिजिटाइजेशन की प्रगति की भी समीक्षा होगी। ई-मापी, अभियान बसेरा और सरकारी भूमि सत्यापन से जुड़े कार्यों की स्थिति भी जांची जाएगी। वहीं राजस्व महा-अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर अपलोड करने तथा उनकी ऑनलाइन एंट्री की प्रगति को भी समीक्षा में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त लोक भूमि अतिक्रमण से जुड़े मामलों में की गई कार्रवाई, विभागीय जन शिकायत पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों की स्थिति तथा फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान की वर्तमान प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने कहा कि इस दैनिक मॉनिटरिंग व्यवस्था का उद्देश्य जिलों में लंबित मामलों को तेजी से निष्पादित करना, डिजिटल सेवाओं की गुणवत्ता सुधारना तथा आम लोगों को राजस्व सेवाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराना है।

# विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में होगी यंग प्रोफेशनल की भर्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार विज्ञान एवं प्रावैधिकी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए दक्ष युवाओं की भर्ती करने जा रही है। इसके लिए 'यंग प्रोफेशनल चयन संबंधी नीति-2026' बनाई गई है। बिहार सरकार का विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तीन श्रेणियों में यंग प्रोफेशनल का चयन करेगा। माना जा रहा है कि विभाग की इस पहल से विज्ञान एवं प्रावैधिकी से जुड़े कार्यक्रमों और अनुप्रयोगों को गति मिलेगी। इस नीति के तहत तीन श्रेणियों-यंग प्रोफेशनल (वाईपी-1), यंग प्रोफेशनल (वाई-2) और यंग प्रोफेशनल (वाई-3) में तकनीकी क्षेत्र में दक्ष युवाओं की भर्ती की जाएगी। यंग प्रोफेशनल-1 में वैसे अभ्यर्थियों का चयन होगा जिन्होंने डिप्लोमा परीक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। यंग प्रोफेशनल-2 में वैसे अभ्यर्थी शामिल होंगे जिन्होंने बी.टेक. परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों तथा संबंधित शाखा में पिछले तीन वर्षों के भीतर वैध ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) स्कोर अर्जित किया हो।

# पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 पटना द्वारा स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1, पटना द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सफाई अभियान, स्वच्छता शपथ ग्रहण एवं नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम शामिल थे। क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना द्वारा सफाई अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत मुख्यालय के आसपास के जगहों की सफाई की गई और इस अभियान में पावरग्रिड, क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना के सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके साथ बिहार एवं झारखंड के समस्त उपकेन्द्रों में भी स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नितिन कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी), पूर्वी क्षेत्र-1 द्वारा सभी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, यह व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर सफाई के प्रति जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करता है एवं इस कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया जिसमें स्वच्छता के महत्व और जन-जागरूकता पर जोर दिया गया। नाटक के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए। इस अभियान का उद्देश्य कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखना तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था।

# पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि हस्तांतरण ऐतिहासिक : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा पश्चिम बंगाल प्रभारी मंगल पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा भारत-बांग्लादेश सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को जमीन सौंपने की प्रक्रिया शुरू किया जाना एक स्वागतयोग्य और साहसिक कदम है। नबन्ना में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा बी.एस.एफ अधिकारियों की मौजूदगी में इस प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मैं इस निर्णय का हृदय से स्वागत करता हूं। बंगाल की 2216 किमी लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा दशकों से घुसपैठ, तस्करी, नकली मुद्रा, मानव तस्करी और अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों से जुड़े अपराधों का दंश झेल रही है। पिछली सरकारों ने वोटबैंक की राजनीति के चलते सीमा सुरक्षा के इस अहम मुद्दे को जानबूझकर लटकाए रखा। भूमि न देकर बीएसएफ के हाथ बांध दिए गए जिसका खामियाजा सीमावर्ती जिलों की निर्दोष जनता को भुगतना पड़ा। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बिल्कुल सही कहा है कि घुसपैठ और तस्करी केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा, जनसांख्यिकी संतुलन और सामाजिक ताने-बाने पर सीधा हमला है।

# राजाराम मोहन राय की जयंती पर मंत्री श्रवण कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** देश के महान समाज सुधारक, आधुनिक भारत के जनक, भारतीय नव जागरण के प्रखर पुरोधा एवं शिक्षाविद राजा राममोहन राय की जयंती के मौके पर सूचना एवं जन संपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि समाज में व्याप्त सतीप्रथा, अंधविश्वास समेत अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ कर संघर्ष कर राजा राममोहन ने भारतीय समाज को नई दिशा प्रदान की। मंत्री ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इसी तरह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी समाज सुधार के प्रयासों को अपने शासनकाल में प्राथमिकता बनाते हुए शराबबंदी कानून लागू किया। साथ ही दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराईयों के खिलाफ राज्यव्यापी जनजागरण अभियान चलाकर समाज को नई दिशा देने का काम किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए नीतीश कुमार ने ही पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देकर देश में मिसाल पेश कर दी। छात्राओं के लिए साइकिल एवं पोशाक योजना चलाने के अलावा शिक्षा एवं रोजगार में महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी के लिए शिक्षा एवं रोजगार के अवसर बढ़ाना भी राजा राममोहन राय के महिला सम्मान और समान अधिकार के सिद्धांत से प्रेरित दिखाई देता है।

# बॉलीवुड स्टार स्नेहा उल्लाल के हाथों सम्मानित होंगे बिहार के चर्चित शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार में शिक्षा, कौशल विकास एवं युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चर्चित शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा को 23 मई 2026 को आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह विशेष समारोह पटना में आयोजित होने जा रहा है जिसे लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस हाई-प्रोफाइल समारोह में शिक्षा, सामाजिक सेवा, उद्योग, मीडिया एवं युवा जगत से जुड़े कई प्रतिष्ठित लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी तैयारी चल रही है। डॉ. आनंद रंजन झा लंबे समय से बिहार में कंप्यूटर शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके द्वारा संचालित संस्थानों के माध्यम से हजारों युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है जिससे कई युवाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिला है। बताया जा रहा है कि यह सम्मान शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के प्रयास तथा कौशल विकास को नई दिशा देने के लिए प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर युवाओं एवं सामाजिक संगठनों में भी उत्साह का माहौल बना हुआ है।



# ज्ञान, गौरव और परंपरा का जीवंत शैक्षिक तीर्थ : 156 वर्षीय नालंदा कॉलेज

**डॉ ध्रुव कुमार**



बिहार की धरती केवल इतिहास की भूमि नहीं बल्कि ज्ञान, संस्कृति और सभ्यता की अनश्वर ज्योति रही है। यही वह भूमि है जहां कभी प्राचीन नालंदा महाविहार के प्रांगण से विश्व मानवता के लिए ज्ञान का अमृत प्रवाहित हुआ था। उसी ऐतिहासिक चेतना की आधुनिक प्रतिध्वनि के रूप में स्थापित नालंदा कॉलेज आज 156 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर बिहार की शैक्षणिक परंपरा के एक विराट प्रतीक के रूप में खड़ा है। यह महाविद्यालय केवल ईंट-पत्थरों से निर्मित एक शिक्षण संस्थान नहीं बल्कि पीढ़ियों के स्वप्न, संघर्ष, संस्कार और ज्ञान-साधना का जीवंत इतिहास है। इसकी दीवारों में समय की स्मृतियां सांस लेती हैं और इसके प्रांगण में शिक्षा का वह उजास आज भी विद्यमान है जिसने हजारों युवाओं के जीवन को दिशा और दृष्टि प्रदान की। उन्नीसवीं शताब्दी का वह काल भारतीय समाज के लिए संक्रमण का समय था। अंग्रेजी शासन के बीच आधुनिक शिक्षा का प्रसार सीमित था और उच्च शिक्षा ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी समाज के लिए लगभग दुर्लभ स्वप्न के समान थी। ऐसे दौर में नालंदा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के गढ़ पर इलाके में नालंदा कॉलेज की स्थापना मानो अंधकार के बीच प्रज्ज्वलित एक दीपशिखा थी। यह संस्थान उस युग में ज्ञान का ऐसा केंद्र बना, जहां दूर-दराज़ गांवों और कस्बों से आए युवा अपने भविष्य के सपनों को आकार देने लगे। शिक्षा यहां केवल जीविका का माध्यम नहीं रही बल्कि आत्मबोध, सामाजिक जागरण और राष्ट्रीय चेतना का आधार बनी। नालंदा कॉलेज का नाम लेते ही प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की स्मृतियां स्वतः सजीव हो उठती हैं। जिस धरती पर कभी चीन, कोरिया, तिब्बत सहित अनेक देशों से विद्यार्थी ज्ञानार्जन हेतु आते थे उसी सांस्कृतिक आकाश के नीचे यह महाविद्यालय आधुनिक भारत में शिक्षा की मशाल लेकर आगे बढ़ा। यदि प्राचीन नालंदा ज्ञान का महासागर था तो नालंदा कॉलेज उस महासागर से निकली वह सतत प्रवाहित धारा है जिसने आधुनिक समाज को शिक्षित, संस्कारित और जागरूक बनाने का कार्य किया। 1870 में जब बिहार, ओडिशा और बंगाल एक ही प्रांत थे तब कलकत्ता विश्वविद्यालय के अधीन इस कॉलेज की नींव पड़ी। मकसद था-मगध क्षेत्र में उच्च शिक्षा की लौ जलाना। इस लौ को प्रज्ज्वलित करने वाले थे राय बहादुर ऐदल सिंह उर्फ कैंटों सिंह। उन्होंने अपनी निजी लगभग साढ़े आठ एकड़ जमीन दान देकर कॉलेज शुरू कराया। इस कॉलेज ने बिहार की शिक्षा का पूरा इतिहास अपनी आंखों से देखा है। शुरू में यह महाविद्यालय कलकत्ता विश्वविद्यालय के अधीन रहा। बंगाल विभाजन के बाद यह बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर से जुड़ा। सन 1962 में मगध विश्वविद्यालय बनने पर यह उसमें शामिल हुआ और 2018 में मगध विश्वविद्यालय का विभाजन हुआ तो यह पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का हिस्सा हो गया। यानी प्रशासन बदला, विश्वविद्यालय बदले, पर नालंदा कॉलेज की पहचान 'मगध की एक मजबूत शैक्षिक केंद्र' के रूप में बनी रही। 1970 में 100 साल पूरे होने पर भारत सरकार ने नालंदा कॉलेज के सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया। यह गौरव बिहार के गिने-चुने संस्थानों को ही मिला है। इस संस्थान की कक्षाओं से निकले अनेक विद्यार्थी आगे चलकर शिक्षक, साहित्यकार, प्रशासनिक अधिकारी, वैज्ञानिक, न्यायविद, राजनेता और समाजसेवी बने। उन्होंने अपने कर्म और प्रतिभा से न केवल बिहार बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित की। इन्हीं में से एक हैं सिद्धेश्वर प्रसाद। हिंदी विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत सिद्धेश्वर प्रसाद ने लंबे समय तक राज्यपाल के रूप में भी देश और जनता की सेवा की।

## स्वतंत्रता आंदोलन एवं सामाजिक जागरण का केंद्र

नालंदा कॉलेज की गौरवगाथा केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में भी इस संस्थान ने राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहां के विद्यार्थियों और शिक्षकों के भीतर राष्ट्रप्रेम, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की चेतना निरंतर प्रवाहित होती रही। यह महाविद्यालय उन आदर्शों का वाहक बना जहां शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम माना गया। यही कारण है कि इस संस्थान ने केवल सफल पेशेवर ही नहीं बल्कि संवेदनशील और जागरूक नागरिक भी तैयार किए। समय के साथ नालंदा कॉलेज ने अपने शैक्षणिक विस्तार को निरंतर सुदृढ़ किया। कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों के साथ-साथ शिक्षक प्रशिक्षण एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों ने इसे बहुआयामी स्वरूप प्रदान किया। महाविद्यालय का समृद्ध पुस्तकालय ज्ञान का खजाना है। पुस्तकों की शांत पंक्तियां विद्यार्थियों को नए विचारों की दुनिया में ले जाती हैं। प्रयोगशालाएं, संगोष्ठियां और शोधपरक गतिविधियां इसकी अकादमिक गंभीरता को प्रमाणित करती हैं। यहां शिक्षा केवल पाठ्यक्रमों तक सीमित नहीं रही, बल्कि जीवन के व्यापक अर्थों को समझने का माध्यम बनी। कॉलेज का परिसर वर्षों से साहित्यिक गोष्ठियों, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक आयोजनों और वैचारिक संवादों का केंद्र रहा है। यहां शब्दों ने संवेदनाओं को जन्म दिया, विचारों ने व्यक्तित्व को आकार दिया और शिक्षा ने जीवन को अर्थ प्रदान किया। आज नालंदा कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण अंगीभूत इकाई के रूप में आधुनिक शिक्षा की नई चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को विकसित कर रहा है। डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास, ई-लाइब्रेरी और नई शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षणिक सुधार इसकी प्रगतिशील सोच को दर्शाते हैं।

## साहित्य, संवेदना और बौद्धिकता का प्रांगण

नालंदा कॉलेज का वातावरण केवल अकादमिक नहीं बल्कि गहन साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना से भी अनुप्राणित रहा है। हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और अन्य विभागों ने समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर के साहित्यिक आयोजन, व्याख्यान और सेमिनार आयोजित कर ज्ञान-विमर्श की परंपरा को जीवित रखा है। यहां शिक्षा केवल तथ्यों का संग्रह नहीं बल्कि विचारों की स्वतंत्रता और संवेदनशीलता का विस्तार रही है। शायद यही कारण है कि इस महाविद्यालय की पहचान बिहार की बौद्धिक संस्कृति के एक सशक्त केंद्र के रूप में स्थापित हुई। समय निरंतर परिवर्तनशील है और शिक्षा की चुनौतियां भी बदलती रही हैं। तकनीकी युग, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और रोजगारपरक शिक्षा के दबावों के बीच भी नालंदा कॉलेज अपनी मूल आत्मा को सुरक्षित रखते हुए आधुनिकता की ओर अग्रसर है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के कौशल विकास, व्यक्तित्व निर्माण और नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां यह विश्वास आज भी जीवित है कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य केवल रोजगार नहीं बल्कि एक बेहतर समाज और बेहतर मनुष्य का निर्माण करना है। 156 वर्षों की यह यात्रा केवल समय का आंकड़ा नहीं बल्कि ज्ञान, संघर्ष, समर्पण और उपलब्धियों की एक दीर्घ महागाथा है। इस महाविद्यालय ने पीढ़ियों को शिक्षित कर बिहार की सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को समृद्ध किया है। आज जब बिहार पुनः शिक्षा और ज्ञान की वैश्विक पहचान स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है तब नालंदा कॉलेज जैसी संस्थाएं उस गौरवशाली परंपरा की जीवित धरोहर बनकर सामने आती हैं। निस्संदेह, नालंदा कॉलेज केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं बल्कि बिहार की शैक्षणिक आत्मा का वह प्रकाशस्तंभ है जिसकी उज्ज्वल किरणें आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान, संस्कार और मानवता के मार्ग पर निरंतर आलोकित करती रहेगी। वर्तमान में आज यहां लगभग पांच हजार से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।

## नया अध्याय : सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

अब नालंदा कॉलेज बिहारशरीफ जिले का सबसे आधुनिक कॉलेज बनने जा रहा है। इसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जा रहा है। छात्रों के सपनों को नई उड़ान देने के लिए यहां आधुनिक लैब और रिसर्च सेंटर बनेंगे। डिजिटल और स्मार्ट क्लासरूम में पढ़ाई होगी। शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध कार्य और आधुनिक सुविधाओं का विस्तार होगा ताकि राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। यहां रिसर्च फंड, स्टार्टअप सपोर्ट और कौशल विकास कार्यक्रम शुरू होंगे। प्राचार्य प्रो. सुनीता सिन्हा के अनुसार इससे उच्च शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। कॉलेज जिला और आसपास के जिलों के लिए शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बनेगा।

**(लेखक पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के सीनेट सदस्य हैं)**


शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं

**सरस्वती शिशु मंदिर**

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

औरंगाबाद (बिहार)

कक्षा एकादश में नामांकन प्रारंभ है सत्र-2026-2027

CBSE बोर्ड में सफल छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं

बजरंगी प्रसाद — सचिव

नीरज कुमार कौशिक — प्रधानाचार्य

जिले का एकमात्र उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान



**किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय**

(मगध विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)

दानी बिगहा, औरंगाबाद (बिहार)

- छात्राओं को ड्रेस-कोड की अनिवार्यता
- BLIS (Bachelor in Library Science) में सत्र 2026-27 से संभावित नामांकन प्रारंभ
- ICT (Information & Communication Technology) LAB, SMART CLASSES की सुविधा
- MASSIVE OPEN ONLINE COURSES (MOOC) STUDIO का नवनिर्माण
- NAAC Accreditation के लिए महाविद्यालय अग्रसर
- WiFi Campus की सुविधा
- पुस्तकालय में Newspaper सहित पठन-पाठन की उपलब्धता



डॉ. गायत्री कुमारी

प्राचार्या



**RAJAN MAMTA GROUP OF INSTITUTIONS**

Run By :- Zee Educational Foundation

Affiliated with Aryabhatta Knowledge University & BUHS Approved By : AICTE, PCI

Courses Offered :

- PHARMACY
  - B. Pharm - D. Pharm - M. Pharm
- POLYTECHNIC
  1. Computer science engineering
  2. Mechanical Engineering
  3. Civil Engineering 4. Electronic and Electronics engineering
- LIBRARY SCIENCE
  1. B.lis
- NURSING
  - ANM
  - GNM
  - B.Sc Nursing
- MANAGEMENT
  - BBA - MBA
- INFORMATION TECHNOLOGY
  - BCA - MCA
- JOURNALISM
  - BA - JMC



Rajan Kumar Singh

Founder of RMGI

Ex. MLC, Aurangabad

ADMISSION OPEN 2026-2027

बिहार स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से नामांकन जारी

Josoiya More, Opp LIC Building, Rapura, Bhartaulli Road, Aurangabad (Bihar) Pin- 824101

9241564650, 9546299909

contact@rmgi.in www.rmgi.in, www.zeefoundation.rmgi.in



शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं

**जनता महाविद्यालय**

(मगध विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त)

लभरी परसावां, अम्बा (औरंगाबाद)

हमारी विशेषताएं

- स्नातक डिग्री (कला एवं विज्ञान संकाय) में शिक्षा ग्रहण करने के लिए कुटुम्बा प्रखंड का उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान।
- योग्य एवं अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा अध्यापन।

रामाश्रय सिंह उर्फ लोहा सिंह

प्राचार्य



**B L INDO ANGLIAN PUBLIC SCHOOL**

Under B L Indo Group

(Run and Managed by : B L Indo Anglian Educational Trust)

Affiliated to CBSE New Delhi upto 10+2 Level




विशेषताएं :-

- अंग्रेजी माध्यम।
- प्राथमिक चिकित्सा और देखभाल।
- एक सुरक्षित और स्वच्छ माहौल।
- खेल-कूद की समुचित व्यवस्था।
- स्कूल परिवहन की व्यवस्था।
- स्मार्ट क्लास और मीडिया रूम्स।
- कमजोर छात्रों हेतु विशेष कक्षाएं।
- संगीत एवम् नृत्य की कक्षाएं।
- कंप्यूटर की पढ़ाई की समुचित व्यवस्था।
- प्ले ग्रुप से कक्षा 09 तक के छात्रों की विश्वस्तरीय शिक्षण व्यवस्था।
- बच्चों के इंग्लिश स्पीकिंग पर विशेष ध्यान।
- कड़ा अनुशासन एवम नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षण व्यवस्था।
- पेशेवर, प्रतिबद्ध, अनुभवी एवं भाषाई और सांस्कृतिक विविधता वाले शिक्षकों के द्वारा समावेशी शिक्षा।

ADMISSION OPEN

Other Institutions Under B L INDO GROUP OF INSTITUTIONS

| | | | |
|---|---|---|---|
| B L Indo Anglian Public School<br>Affiliated to CBSE upto 10+2 | B L International School<br>Affiliated to CBSE upto 10+2 | B L B.Ed. College<br>B.Ed. & D.EL.Ed. | B L Pharmacy College<br>B Pharm & D Pharm |
| Aarsh College of Education<br>D Pharm | B L College of Education<br>Paramedical College | B L College of Education<br>BBA, BCA, B.Com & BJMC | B L Law College<br>LLB (3 Years) B.A. LLB (5 Years) |
| B L Institute of Medical Science<br>ANM, GNM, B.Sc. Nursing, B Pharm & D Pharm | B L Heritage Hospital | B L Indo Anglion Public School | |

Add. B.L. Indo Campus, NH-139, (Aurangabad-Patna Road) Aurangabad (Bihar)

7781866910 | 6206717779



**S. SINHA COLLEGE**

Aurangabad (Bihar)

(A Constituent unit of Magadh University Bodh Gaya, Bihar)

NAAC Accredited, NIRF Ranking, Govt. of Bihar declared as centre of Excellence, Established in 1944.

अमृतं तु विद्या — मगध विश्वविद्यालय



- One of the oldest and most reputed college in Magadh region of Bihar.
- Spread over more than 20 acres.
- Campus known for its green environment, spacious classroom, Laboratories, Library facilities, Sports facilities, cultural events, collaborations/MoUs, Lush green campus, State of the art technology, Language Lab, Computer Lab etc.
- Industrial Training facilities/ Internship facilites.
- Encouraging students for extra curriculum activites.

Vocational Courses running : MBA, BBM, MCA, BCA, B.Sc. (IT), M.Sc. (IT), B.Sc. (Bio-Tech), M.Sc. (Bio- Tech), Blis, Mlis, BASPSM, B.Pharm, M.Sc. in Environmental Science, M.A in women studies, P.G. in journalism & Mass Communication, P.G. Diploma in yoga science, M.Sc. (Computer Science)

Professional Courses : B.Ed.- (2 Years)

Major Courses : B.A./B.Sc./B.Com./M.A./M.Sc./M.Com.

Other Facilities :-

- Award distribution- NSS/NCC,
- Placement/job fair
- Well- furnished, Auditorium
- Smarts class, seminar hall,
- Conference hall
- National/International seminar
- Focus on mental & physical soundness

ODL (Facilities)

Own college website : www.sinhacollege.ac.in

Study centre :- IGNOU (05200 C.Code) & NOU



Dr. Sudhir Kumar Mishra

Principal

For more details visit to college website : ssinhacollege.ac.in

## एक नजर

### हिसुआ सर्किल इंस्पेक्टर राजेश कुमार बने नारदीगंज थाना के नए थानाध्यक्ष

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जिले के नारदीगंज थाना को नया थाना प्रभारी मिल गया है। राजेश कुमार ने बुधवार की संध्या को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे राजौली थाना में थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत थे और बाद में हिसुआ में सर्किल इंस्पेक्टर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके पदभार संभालने के साथ ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में टोला सेवक की मौत

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। रोह पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक की टक्कर में टोला सेवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक की पहचान पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बिहटा गांव निवासी सनोज राजवंशी के रूप में की गई। जबकि घायलों में रूपौ थाना क्षेत्र के कसमारा गांव निवासी काजू कुमार एवं अंकज कुमार शामिल है। बताया जा रहा है कि टोला सेवक सनोज राजवंशी अपने भाई को छोड़ने बुधौली गांव गया था। वापस लौट के क्रम में रोह पेट्रोल पंप के समीप दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें सनोज राजवंशी की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक पर सवार काजू कुमार और अंकज कुमार जख्मी हो गए। फिलहाल दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए विम्स पवापुरी रेफर कर दिया गया है। इधर, घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में जुट गई है।

### लापता किशोर का शव बरामद

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। विगत 11 दिनों से लापता किशोर का शव बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार निर्मम तरीके से हत्या कर शव को कादिरगंज स्थित सकरी नदी में पत्थर से ढका हुआ मिला है। बताया गया कि 13 मई से किशोर प्रिंस लापता था। इस मामले में सदर एसडीपीओ ने कहा घटना को अंजाम देने वाले दो को किया गया गिरफ्तार, एक की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि ई रिक्शा चलाने को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में हुई हत्या।

### स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, हादसे में कई लोग जख्मी

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जिले के नरहट और अकबरपुर थाना क्षेत्र के बाइंडर गोवासा के पास से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां नरहट–फतेहपुर पथ पर स्कॉर्पियो और हाईवा ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, हालांकि राहत की बात यह है कि सभी लोग खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है।

### बारिश से राजगीर में बदला मौसम का मिजाज, गर्मी से राहत

**बिहारशरीफ/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज हवा के साथ हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली। दोपहर तक शहर में तेज धूप और उमस भरी गर्मी का असर बना हुआ था, जिससे आमजन परेशान थे। इसके बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में शुरू हुई बारिश ने मौसम को पूरी तरह सुहावना बना दिया। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। इन दिनों चल रहे राजगीर मलमास मेला में पहुंचे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी गर्मी से बड़ी राहत मिली। बारिश शुरू होते ही लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जाते नजर आए। हालांकि तेज हवा के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं। वहीं सड़क किनारे लगे अस्थायी दुकानदारों को भी हल्की परेशानियों का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके, बारिश ने शहरवासियों को तपती गर्मी से राहत देते हुए पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया।

### पूर्व प्रधानाध्यापक जनार्दन प्रसाद के निधन पर शोक

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। मध्य विद्यालय अकबरपुर के पूर्व प्रधानाध्यापक जनार्दन प्रसाद के आकस्मिक निधन पर नवादा पेंशनर समाज द्वारा एक शोक सभा का आयोजन कर गहरा दुःख व्यक्त किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता पेंशनर समाज के सचिव राम नरेश प्रसाद सिंह ने की। सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सभा को संबोधित करते हुए सचिव राम नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जनार्दन प्रसाद एक कुशल शिक्षक,मिलनसार एवं सामाजिक व्यक्तित्व के धनी इंसान थे। उन्होंने अपने लंबे शिक्षकीय जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक अनूप प्रसाद यादव, सुरेश प्रसाद, रामचंद्र सिंह, हृदय नारायण सिंह, शशि भूषण वर्मा, उमाशंकर सिंह, विजय कुमार, गोरेलाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विवाहिता का शव बरामद

**नवादा**। जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत मनमां बेलदारी गांव से पुलिस ने विवाहिता की एक लाश बरामद किया है। विवाहिता की पहचान गांव के उमेश चौहान की बहू और सुभाष चौहान की पत्नी सुनीता कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर हिसुआ थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार दल-बल के साथ स्थल पर पहुंचे और लाश को बरामद किया। थानाध्यक्ष ने एफएसएल की टीम को बुलाकर गहन जांच और साक्ष्य इकट्ठा करने का काम करवाया। नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र के पुना नोनिया बिगहा गांव से हिसुआ पहुंचे मृतका के भाई सोनी चौहान ने बहन को मार देने का आरोप लगाया है। भाई सोनी चौहान और जीजा मानिक चौहान ने बताया कि ग्रामीणों की मोबाइल से मिली सूचना के बाद वे मनमा पहुंचे। घर पहुंचने पर लाश को घर के बाहर पड़ा हुआ पाया। बताया गया कि वह सीढ़ी पर से गिरकर उसकी मौत हो गयी, लेकिन उसके गले पर दो जगह गहरा निशान पाया गया। हमलोगों को पूरा विश्वास है कि उसे गला दबाकर हत्या की गयी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी उसे दहेज के लिए सुनीता को प्रताड़ित किया जा रहा था। 8 मई 2025 को शादी हुई थी। सुनीता के ससुराल वाले साल भर से मोटरसाइकिल की मांग लगातार कर रहे थे। भाई सोनी चौहान ने ससुर उमेश चौहान, पति सुभाष चौहान, भैंसुर रवि चौहान, सास और ननद सरिता चौहान पर आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है।

### गर्मी को लेकर कक्षा 5 तक स्कूल बंद

**बिहारशरीफ/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। नालंदा जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तापमान को देखते हुए जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। दोपहर के समय पड़ रही तेज गर्मी के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को देखते हुए जिले के स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी ने शुक्रवार, 22 मई को 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023' की धारा-163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, प्री-स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में कक्षा 5 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी है।

वहीं, कक्षा 6 से 8 तक की कक्षाओं के संचालन पर सुबह साढ़े 10 बजे के बाद प्रतिबंध रहेगा। यानी इन कक्षाओं की पढ़ाई केवल सुबह साढ़े 10 बजे तक ही संचालित की जा सकेगी। जारी आदेश के अनुसार यह व्यवस्था 23 मई 2026 से लागू होकर 26 मई 2026 तक प्रभावी रहेगी।

# सात निश्चय-3 के तहत जिले भर में आयोजित हुई जनसुनवाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 44 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना- रोह, ग्राम- समरीगढ़ के कपिलदेव सिंह द्वारा बिजली बिल से संबंधित शिकायत, थाना- हिसुआ, ग्राम- धमौल के उपेन्द्र यादव द्वारा चापाकल लगाने से संबंधित आवेदन, थाना- सिरदला, ग्राम- सिंघौल के सोनू यादव द्वारा जमीनी विवाद से संबंधित आवेदन तथा थाना- वारिसलीगंज, ग्राम- हाजीपुर के सुन्दर प्रसाद द्वारा पेंशन से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा, नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल, सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## फीस विवाद पर गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के छात्रों का हंगामा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग स्कूल के छात्रों ने गुरुवार को कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने अधिक फीस वसूली का आरोप लगाते हुए कॉलेज के बाहर हिसुआ-नवादा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया।

**छात्रों का आरोप**

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा निर्धारित राशि से अधिक पैसा लिया जा रहा है। इसी को लेकर छात्रों में आक्रोश था और उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध जताया।

छात्रों को दंडित करने के लिए शुल्क देने को कहा गया था, ताकि वे नियमित हों। बाद में छात्रों के लिखित आवेदन पर वह शुल्क भी माफ कर दिया गया।"

**प्रदर्शन के बाद छात्रों ने मानी गलती**

जब जब कॉलेज में आवेदन दिया तब शुल्क माफ किया गया। हम अपनी गलती पर शर्मिंदा हैं।" फिलहाल कॉलेज में स्थिति सामान्य है। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमानुसार उपस्थिति पूरी करने वाले छात्रों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## कुझा गांव के निकट धनार्जय नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। नारदीगंज नवादा सड़क मार्ग में कुझा गांव के निकट धनार्जय नदी पर बने पुल क्षतिग्रस्त हो गया है,जो हादसे का गवाह बन सकता है। यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। ऐसे में जिला प्रशासन ने इस नदी पर बने पुल के दोनों ओर हाल के दिनों में पक्की दीवार खड़ी कर बड़ी और भारी वाहनों पर रोक लगा दी है, ताकि हादसे पर विराम लग सकें। यह सड़क मार्ग दो राजमार्ग को जोड़ती है। राजगीर बोधगया सड़क 82 से पटना रांची सड़क मार्ग को। जो नारदीगंज सड़क मार्ग से रांची पटना सड़क मार्ग में खरांट मोड़ के निकट जुड़ा हुआ है। यह पुल का निर्माण एक दशक पहले हुआ है। लोगों का कहना है कि इस पुल का निर्माण पुल निर्माण विभाग के माध्यम से हुआ था। सरकारी राशि खर्च हुई। लेकिन पुल निर्माण होने के तीन साल बाद ही पुल का तीन पिलर क्षतिग्रस्त हो गया। इस पुल में दस पिलर है। जिसमे पुल का तीन पिलर झुक गया है। जब भी बड़ी वाहन और भारी वाहन गुजरती है तो पुल में कम्पन शुरु हो जाता है। सूचना मिलने पर जिला प्रशासन ने पुल के दोनों तरफ लोहे का बैरियर लगा कर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दिया था। लेकिन बदमाशों ने उस बैरियर को हटा दिया था। बैरियर हटते ही पुनः बड़ी और भारी वाहनों का परिचालन शुरू हो गया। ऐसे में कभी भी बड़ी हादसे बन सकता था। उसके बाद पुनः सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारियों व जिला प्रशासन ने पुल के दोनों तरफ में पुल क्षतिग्रस्त है, भारी वाहनों का प्रवेश निषेध है का बोर्ड लगाकर सावधान किया है। और दोनों तरफ ईंट का पक्की दीवार खड़ी कर दिया है। पुल पर पक्की दीवार लगा देने से बड़ी और भारी वाहनों पर जहां फिलहाल रोक लगी हुई है। वही छोटी वाहनों का परिचालन हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा इस पुल के निर्माण में गुणवत्ता पर भी सवालिया निशान खड़ा किया है। जबकि यह पुल दो राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही थी। राजगीर में पुरुषोत्तम मेला भी है। ऐसे में आवागमन में इस पुल का महत्व अधिक है। राजगीर में बीते 16 मई 2026 से पुरुषोत्तम मास का मेला शुरु हुआ है। ऐसे में बड़ी वाहनों का परिचालन गया जी से नारदीगंज होकर इसी मार्ग से राजगीर पहुंचती थी,ऐसे में आम लोगों को समय की जहां बचत होती थी, वही आर्थिक बोझ और दूरी कम होता था। लेकिन जर्जर और पुल पर दीवार खड़ी होने से आमलोगों को परेशानी बढ़ी हुई है।

## नवादा रेलवे स्टेशन पर अवैध पार्किंग से नए संवेदक को परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा रेलवे स्टेशन पर अवैध पार्किंग को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल द्वारा नए संवेदक को पार्किंग स्टैंड का टेंडर दिए जाने के बावजूद अब तक पार्किंग स्थल खाली नहीं कराया गया है, जिससे नए संवेदक को कार्य संचालन में परेशानी हो रही है। बताया जा रहा है कि 22 मई 2026 से नवादा रेलवे स्टेशन पार्किंग स्टैंड का संचालन आधिकारिक रूप से शुरू होना था। रेलवे प्रशासन ने ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत "पी वाई गुरु कंस्ट्रक्शन, नवादा" को तीन वर्षों के लिए पार्किंग संचालन का कार्यादेश दिया है। इसके बावजूद स्टेशन परिसर में पहले से चल रही अवैध पार्किंग व्यवस्था हटाई नहीं गई है।

संवेदक के एक कर्मी ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध रूप से पार्किंग संचालित की जा रही थी। इसी को समाप्त करने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल ने नई कंपनी को टेंडर प्रदान किया। लेकिन अब तक पार्किंग स्थल खाली नहीं होने से नए संवेदक को काम शुरू करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभी भी दर्जनों गाड़ियां अवैध रूप से लगी है। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य विभाग द्वारा जारी कार्यादेश संख्या Com/Parking/NWD/26 दिनांक 20 मई 2026 के अनुसार "पी वाई गुरु कंस्ट्रक्शन" को नवादा रेलवे स्टेशन पर साइकिल, मोटरसाइकिल, टोटो, ई-रिक्शा, ऑटो एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग संचालन का अधिकार 22 मई 2026 से 21 मई 2029 तक के लिए दिया गया है। रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस अनुबंध की कुल राशि 46,37,396.46 निर्धारित की गई है, जिसमें 18 प्रतिशत जीएसटी भी शामिल है। संवेदक द्वारा प्रथम त्रैमासिक लाइसेंस शुल्क एवं अन्य करों का भुगतान भी रेलवे के निर्देशानुसार कर दिया गया है। जिसके बावजूद भी अभी तक नवादा रेलवे स्टेशन पर एक भी वैध पार्किंग नहीं की गई है। रेलवे प्रशासन की ओर से पार्किंग शुल्क की नई दरें भी जारी कर दी गई हैं। इसके तहत साइकिल से लेकर चार पहिया वाहनों तक के लिए अलग-अलग समय अवधि के अनुसार शुल्क निर्धारित किया गया है। नवादा रेलवे स्टेशन का कुल पार्किंग क्षेत्र लगभग 4797.295 वर्गमीटर बताया गया है। अब देखना होगा कि रेलवे प्रशासन अवैध पार्किंग को हटाकर नए संवेदक को सुचारु रूप से कार्य शुरू कराने के लिए क्या कदम उठाता है। या स्थानीय प्रशासन के लोग इस पर क्या भूमिका निभाते हैं।

## मलमास मेला को लेकर राजगीर जू सफारी में विशेष सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर मलमास मेला 2026 के अवसर पर राजगीर जू सफारी में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाओं का व्यापक प्रबंध किया गया है। जू सफारी प्रशासन ने उनकी सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। भीड़ प्रबंधन और निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने के लिए जू सफारी के पार्किंग संख्या-05 से जरादेवी तक विशेष निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई है। यह सेवा विशेष रूप से ऑनलाइन टिकट धारकों के लिए लाभकारी साबित हो रही है, जिससे उनका प्रवेश और भ्रमण सुगम हो सके। पर्यटकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में विभिन्न स्थानों पर शुद्ध पेयजल के लिए वॉटर प्वाइंट्स स्थापित किए गए हैं। वहीं आपातकालीन चिकित्सा सुविधा के लिए मेडिकल कियोस्क की भी व्यवस्था की गई है। पर्यटकों के विश्राम हेतु अतिरिक्त संख्या में बेंच लगाए गए हैं तथा मार्गदर्शन और सूचना के लिए स्पष्ट साइनेज स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पर्यटकों की सहायता के लिए 'पर्यटक मित्र' तैनात किए गए हैं, जो आवश्यक जानकारी और सहयोग प्रदान कर रहे हैं। स्वच्छता, सुरक्षा और समग्र व्यवस्थाओं को मजबूत बनाए रखने के लिए अतिरिक्त कर्मियों की नियुक्ति की गई है। भीड़ नियंत्रण और उचित प्रबंधन के लिए अतिरिक्त वनपाल एवं वनरक्षकों को भी विशेष रूप से तैनात किया गया है, ताकि पूरे परिसर में व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## मीडिया लोकतंत्र की मजबूत नींव, बिना इसके व्यवस्था अधूरी : श्रवण कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सह ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री और जदयू विधायक दल के नेता Shravan Kumar ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र की मजबूत नींव है और इसके बिना किसी भी व्यवस्था की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज और सरकार के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करती है तथा जनता की समस्याओं, भावनाओं और अपेक्षाओं को सरकार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती है। मंत्री श्री कुमार शुक्रवार को बिहारशरीफ स्थित ममता होटल के सभागार में जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित मीडिया सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मी दिन-रात मेहनत कर समाज और राष्ट्र की सेवा करते हैं। लोकतंत्र की मजबूती में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों, पत्रकारों, संपादकों, फोटोग्राफरों तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया से जुड़े प्रतिनिधियों ने मंत्री का माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया। मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री Nitish Kumar के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना लागू की। इसके तहत पत्रकारों की पेंशन राशि छह हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 15 हजार रुपये की गई है। इस अवसर पर जिला पत्रकार संघ की ओर से मंत्री को छह सूत्री मांग पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम में संघ के मुख्य संरक्षक चंद्रमणि पांडेय, संरक्षक रमाशंकर प्रसाद, सुनील कुमार, महफूज आलम, सूजीत कुमार वर्मा, जिला पत्रकार संघ नालंदा के अध्यक्ष कमल किशोर प्रसाद, सचिव संजीव प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष मो. जमाउद्दीन, समाजसेवी दिलीप कुमार, रजनीकांत उर्फ पप्पू, वीरेंद्र कुमार, अर्जुन कुमार, मुकेश मानस, अजीत केसरी, प्रमोद झा, मोहम्मद निसार अंसारी, विनोद कुमार, श्रवण लाल, ऋषिकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।


अनु० जाति एवं अनु० जनजाति अभ्यर्थियों हेतु चालक प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर

पूर्णतः निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

बिहार सरकार

अनु॰ जाति एवं अनु॰ जनजाति कल्याण विभाग, बिहार

**बिहार महादलित विकास मिशन**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के युवक/युवतियों हेतु चालक प्रशिक्षण–सह–यातायात शोध संस्थान, औरंगाबाद से चालक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए आवेदन का आमंत्रण

| क्र० | कोर्स का नाम | उम्र सीमा | योग्यता | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हल्के मोटर वाहन (LMV) चालक कोर्स | 18–40 वर्ष | (I) मैट्रिक पास/समकक्ष<br>(II) LMV चलाने का लर्नर लाईसेंस | 21 दिन |
| 2 | भारी मोटर वाहन (HMV) चालक कोर्स | 18–40 वर्ष | (I) मैट्रिक पास/समकक्ष<br>(II) LMV चलाने का परमानेंट लाईसेंस जो एक वर्ष पूर्व निर्गत हो।<br>(III) HMV चलाने का लर्नर लाईसेंस | 30 दिन |

प्रशिक्षण हेतु आवश्यक सूचना–

(i) बिहार के सभी जिलों के पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।
(ii) प्रशिक्षण, भोजन एवं आवासन पूर्णतः निःशुल्क है।
(iii) प्रशिक्षणार्थियों का चयन निर्धारित योग्यता एवं "प्रथम आओ प्रथम पाओं" के आधार पर किया जाएगा।
(iv) उम्र की गणना दिनांक 01.01.2026 के आधार पर की जाएगी।
(v) ऑनलाईन आवेदन मिशन के वेबसाईट www.bmvm.bihar.gov.in पर किया जा सकेगा।
(vi) ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् आवेदन पत्र को डाउनलोड कर वांछित कागजात (मैट्रिक, जाति, आवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, HMV/LMV लाईसेंस की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति) को संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक से निम्न पता पर भेजा जाय – "मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन, द्वितीय तल, ब्लॉक– 3, सचिवालय विस्तारीकरण भवन, पटना, पिन– 800015"।
(vii) विस्तृत जानकारी के लिए अपने जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी अथवा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रतिनिधि (मोबाईल नं०. 9264456639) अथवा बिहार महादलित विकास मिशन के 'सहायता' के टॉल फ्री नं०– 18003456345 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

आवेदन करने की अंतिम तिथि– 30.06.2026

आवेदन पत्र

पासपोर्ट आकार का फोटो

1. आवेदित ट्रेड (LMV/HMV) –
"LMV के लिए केवल कॉलम 2, 3 भरे एवं HMV के लिए केवल 4, 5, 6 कॉलम भरे
2. LMV का लर्नर लाईसेंस है ? (हाँ/नहीं)–
3. LMV का लर्नर लाईसेंस निर्गत होने की तिथि–
4. LMV का परमानेन्ट लाईसेंस है ? (हाँ/नहीं)–
5. LMV का परमानेन्ट लाईसेंस निर्गत होने की तिथि–
6. HMV का लर्नर लाईसेंस है ? (हाँ/नहीं)–
7. आवेदक का नाम–
8. पिता/पति का नाम–
9. लिंग (पुरूष/महिला/थर्डजेंडर)–
10. जन्म तिथि–
11. कोटि (SC/ST)–
12. जाति–
13. आधार संख्या
14. स्थायी पता : (i) जिला–
(ii) प्रखण्ड–
(iii) पंचायत/वार्ड (शहरी क्षेत्र)–
(iv) गाँव/मोहल्ला/टोला–
(v) पिनकोड–
15. पत्राचार का पता–
16. मोबाईल संख्या–
17.

| शैक्षणिक योग्यता | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| मैट्रिक/समकक्ष | | | |

दिनांक– आवेदक का हस्ताक्षर

PR No.- 004049 (B&C)D. 2026-27

# बिक्रमगंज अनुमंडल में 960 कांड लंबित, डीआइजी ने थानाध्यक्षों को दिया त्वरित निष्पादन का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद रेंज के डीआईजी डा सत्यप्रकाश ने बिक्रमगंज अनुमंडल के अपराध की समीक्षा बैठक कर लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन और अपराध नियंत्रण को लेकर अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। डीआईजी कार्यालय में गुरुवार देर शाम तक चली बैठक में अनुमंडल के सभी थानों के लंबित कांडों, साइबर फ्रॉड, हत्या, लूट तथा भूमि विवाद से जुड़े मामलों की थानावार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अनुमंडल में कुल 960 कांड लंबित पाए गए। डीआईजी ने बताया कि प्रतिमाह लगभग 70 नए कांड दर्ज हो रहे हैं। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को प्रतिमाह कम से कम 150 कांडों के निष्पादन का सख्त निर्देश दिया। जघन्य अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी चलाने को कहा गया। साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए डीआईजी ने प्रत्येक थाने में एक नोडल पदाधिकारी नामित करने का निर्देश दिया। वहीं भूमि विवाद से संबंधित मामलों में अंचलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। बैठक में अवैध शराब के कारोबार पर भी सख्ती बरतने का निर्देश दिया गया। डीआईजी ने शराब के अड्डों पर लगातार छापेमारी चलाने तथा कारोबारियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही रात्रि गश्ती और वाहन जांच अभियान तेज करने का निर्देश दिया गया, ताकि लूट और छिनतई जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। डीआईजी ने न्यायालय से जारी वारंट, कुर्की-जब्ती मामलों के शत-प्रतिशत निष्पादन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना प्राथमिकता है। थाने में आने वाले फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार किया जाए और शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक में एसपी रौशन कुमार, बिक्रमगंज एसडीपीओ सिंधु शेखर, अंचल निरीक्षक, थानाध्यक्ष तथा अनुसंधानकर्ता मौजूद रहे।

## कूरियर के नाम पर झांसा, खाते से उड़ाए 1.20 लाख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर ठगों ने कुरियर कंपनी का कर्मचारी बनकर चेनारी थाना क्षेत्र के पेवंदी गांव के जावेद बेग के बैंक खाता से एक लाख 20 हजार 900 रुपये की ठगी कर ली। पुलिस के अनुसार जावेद बेग ने कुछ दिन पहले सऊदी अरब कुरियर भेजा था। 13 मई 2026 को एक मोबाइल नंबर से उनके पास व्हाट्सएप मैसेज और कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कुरियर कंपनी का अधिकारी बताया। उसने कहा कि कुरियर की प्रक्रिया पूरी करने के लिए पांच रूपये का भुगतान करना होगा। ठग ने विश्वास में लेकर व्हाट्सएप पर एक फाइल भेजी और उसमें बैंक संबंधी जानकारी भरने को कहा। कुरियर का मामला होने के कारण पीड़ित ने फाइल डाउनलोड कर जानकारी भर दी। इसी दौरान ठग ने मोबाइल का एक्सेस ले लिया रुपये निकाल लिए।

## सासाराम जंक्शन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण, सर्विस इम्प्रूवमेंट ग्रुप ने दिए सुधार के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** यात्रियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना डीडीयू मंडल की प्राथमिकता है। इसी क्रम में शुक्रवार को सासाराम जंक्शन पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय से मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा दिलीप कुमार की अगुवाई में सर्विस इम्प्रूवमेंट ग्रुप द्वारा यात्री सुविधाओं एवं स्टेशन व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीडीयू मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक कुलदीप सहित मंडल के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। टीम ने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, खानपान व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्टेशन परिसर में यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा भी की। सर्विस इम्प्रूवमेंट ग्रुप ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाए रखने, स्वच्छता एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने तथा व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर चल रहे विभिन्न विकास एवं रखरखाव कार्यों की भी जानकारी ली गई। रेल प्रशासन के अनुसार यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण स्टेशनों पर समय-समय पर सर्विस इम्प्रूवमेंट ग्रुप के माध्यम से निरीक्षण एवं समीक्षा की कार्रवाई की जाती है। निरीक्षण टीम में हाजीपुर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता राजेश कुमार कुशवाहा, मुख्य अभियंता धर्मपाल, मुख्य चिकित्सा निदेशक विनोद ए. करकटा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजीव रंजन, वरिष्ठ मंडल अभियंता अजय कुमार, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता विवेक सौरव, मंडल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हरदीप कुमार सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अरविंद कुमार, ईसीआरकेयू अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान, सीनियर सेक्शन इंजीनियर पंकज मित्तल, तुफैल अहमद, मोतीराम, रवि रंजन, घनश्याम दुबे, सीटीआई नीरज कुमार, रविंद्र कुमार, सीआईटी गौरव कुमार, स्टेशन प्रबंधक प्रवीण कुमार सिन्हा, रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक आर. राणावत, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक मृत्युंजय कुमार एवं रंजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## देशी पिस्टल के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात गश्ती के दौरान देशी पिस्टल के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। तीनों एक जावा मोटरसाइकिल पर सवार होकर स्टेशन से जक्की बिगहा की ओर जा रहे थे। पुलिस ने पाली पुल के पास घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया। पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष राहुल के अनुसार नगर थाना में पदस्थापित सअनि. बुन्देल मोची रात सशस्त्र बल के साथ गश्ती पर थे। रात करीब दो बजे पाली पुल के पास गुप्त सूचना मिली कि जावा बाइक संख्या बी आर 24 ए टी 5276 पर तीन युवक देशी पिस्टल लेकर जक्की बिगहा की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम जक्की बिगहा चुना भट्ठा मोड़ के पास पहुंची। बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। सशस्त्र बल की मदद से तीनों को घेरकर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार लोगों में डालमियानगर के सनाथ बिगहा निवासी गौतम कुमार (28 ), उसी थाना क्षेत्र के न्यू सिधौली निवासी विकास कुमार (28) व नासरीगंज थाना के हेमराडिह गांव निवासी ओम प्रकाश (32 ) शामिल है।

## तिलौथू आकांक्षी प्रखंड में समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न सूचकांकों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, पोषण, तिलौथू आकांक्षी प्रखंड में समीक्षा बैठक आयोजित, विभिन्न सूचकांकों में सुधार हेतु रणनीति बनाई गईं। बैठक में सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जिला लीड पिरामल स्वास्थ्य, केएफ खुशी कुमारी, एबीपी फेलो प्रेमप्रकाश कुमार, एलएस कंचन कुमारी एवं उमा कुमार सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं पशुपालन से जुड़े प्रमुख सूचकांकों की वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया तथा उनमें अपेक्षित सुधार लाने हेतु विभागवार कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर, विद्यालयी उपस्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच तथा सामुदायिक जागरूकता को मजबूत करने पर बल दिया गया। इसके साथ ही आगामी अवधि में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए विभागों के बीच समन्वय, नियमित मॉनिटरिंग एवं लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाने पर चर्चा हुई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जमीनी स्तर पर नवाचार आधारित गतिविधियों एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देकर विकास सूचकांकों में सतत प्रगति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि प्रखंड समग्र विकास की दिशा में नई उपलब्धियां हासिल कर सके।

## डिहरी में अनुमंडल अभियोजन कार्यालय भवन निर्माण का भूमि पूजन, 1.35 करोड़ से बनेगा चार मंजिला भवन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल अभियोजन कार्यालय के नए भवन निर्माण को लेकर शुक्रवार को न्यायालय परिसर के निकट सिंचाई कॉलोनी स्थित काली मंदिर के पीछे भूमि पूजन किया गया। करीब 1 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस चार मंजिला भवन का निर्माण कार्य पुलिस भवन निर्माण विभाग की ओर से कराया जाएगा। भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा तथा निर्माण कार्य को नौ महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सहायक अभियोजक संतोष पांडेय ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम मुख्य अभियोजक रमन कुमार एवं प्रभारी अपर मुख्य अभियोजक मोहन कुमार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। संवेदक सुशील कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य का जिम्मा आर्मद इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को बिहार पुलिस भवन निर्माण विभाग द्वारा दिया गया है। भूमि पूजन कार्यक्रम में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रिचा कश्यप, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मुंसिफ अर्चना कुमारी, द्वितीय श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रवि शंकर प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी नीलेश कुमार, एएसपी अतुलेश झा, सहायक अभियोजक संतोष कुमार, नीलकमल कुमारी, बृजेश कुमार, राजेश कुमार, अनिल कुमार, आशुतोष, रविंद्र कुमार, अनुमंडल विधिक संघ अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, पूर्व अध्यक्ष उमा शंकर पांडेय, रितेश कुमार सहित कई पदाधिकारी, कर्मी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## गायब अपहृता महाराष्ट्र से बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के बडीहा गांव से गायब नाबालिग लड़की को रोहतास पुलिस ने महाराष्ट्र के भिवंडी शहर से सकुशल बरामद कर लिया। वहीं मामले में संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यह जानकारी देते हुए एएसपी अतुलेश झा ने पत्रकारों को बताया कि गत 30 अप्रैल को बडीहा गांव निवासी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के रात करीब 1:30 बजे घर से गायब होने की सूचना दी गई थी। खोजबीन के दौरान घर के दूसरे हिस्से में चापाकल के पास खून के धब्बे भी पाए गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए इंद्रपुरी थाना में कांड दर्ज किया गया। घटना की सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एफएसएल टीम, स्वान दस्ता एवं तकनीकी सहायता के लिए डीआईयू टीम को मौके पर भेजा गया। साथ ही सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डिहरी-1 के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। अनुसंधान के दौरान गुप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले में मयंक कुमार, पिता मुरारी सोनी उर्फ मुराली सोनी, ग्राम बॉक थाना अकोढ़ीगोला जिला रोहतास की संलिप्तता सामने आई। जांच में पता चला कि अभियुक्त महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर में रह रहा है। इसके बाद गठित पुलिस टीम को महाराष्ट्र भेजा गया।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, समस्याओं का ऑन स्पॉट निवारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

### बढ़ती गर्मी के बीच निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर बैठक

# डॉ. प्रेम कुमार ने विद्युत आपूर्ति को तत्परता के साथ संचालित करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जी स्थित जिला अतिथि गृह में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में अधीक्षण अभियंता एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान बढ़ती गर्मी के कारण बढ़े बिजली लोड, ट्रांसफार्मर क्षमता विस्तार, आपूर्ति व्यवस्था एवं त्वरित मरम्मत कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि भीषण गर्मी के कारण जिले में बिजली की मांग एवं लोड लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ गया है जिसके कारण लो टेंशन की समस्या उत्पन्न हो रही है। साथ ही एलटी केबल जलने की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने बताया कि हाल के दिनों में आठ ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए जिन्हें उसी रात तत्काल बदलकर विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष गया जी में लगभग 500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति की जाती थी जिसे अब बढ़ाकर 660 मेगावाट कर दिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त मेगावाट उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आम जनता को निर्बाध बिजली मिल सके। बैठक में यह भी बताया गया कि विद्युत विभाग द्वारा फिजिकल गैंग का गठन किया गया है। शहरी क्षेत्रों में सात मिस्त्री एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तीन मिस्त्री के दो-दो दल लगातार 35 शिफ्टों में कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त तीन अलग-अलग लोकेशन पर 10-10 कर्मियों को आरक्षित रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। विभाग द्वारा तकनीकी विशेषज्ञों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना मिलने के बाद अधिकतम दो घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाती है। विभाग के सभी पदाधिकारी रात्रि में भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं तथा क्षेत्रवार निरीक्षण किया जा रहा है। गया जी में विद्युत भार बढ़ने के कारण कई स्थानों पर ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की गई है।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड अंतर्गत उतरेन पंचायत के रानी बीघा गांव में पारिवारिक विवाद से परेशान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामकृत दास के पुत्र रविरंजन दास के रूप में की गई है। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार पारिवारिक कलह से तनाव में आकर रविरंजन दास ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोगों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।


### शपथ-पत्र

मैं श्रीमती देवी, पति सत्रुधन कुमार सिन्हा, निवासी चित्रगुप्त नगर, औरंगाबाद, डाकघर-औरंगाबाद, थाना-औरंगाबाद, जिला-औरंगाबाद (बिहार), पिन कोड 824101 सत्य एवं निष्ठापूर्वक घोषणा करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
मेरा आधार कार्ड संख्या- 8198 9740 6194 है जिसमें मेरा नाम श्रीमती देवी तथा मेरे पति का नाम सत्रुधन कुमार सिन्हा दर्ज है।
मेरे नाम से पंजाब नेशनल बैंक, शाखा-औरंगाबाद, बिहार में खाता है जिसका खाता संख्या 0502000100336558 है जिसमें मेरा नाम श्रीमती देवी पति शत्रुधन कुमार दर्ज है। मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा औरंगाबाद, बिहार में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी नं.-517275831 है जिसमें मेरा नाम मनी सिन्हा तथा पति का नाम शत्रुधन कुमार दर्ज है।
श्रीमती देवी तथा मनी सिन्हा दोनों नाम की महिला मैं हूं। मैं ही उक्त दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। शत्रुधन कुमार सिन्हा तथा शत्रुधन कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मेरे पति हैं। मेरे पति हीं उक्त दोनों नामों से जाने एवं पहचाने जाते हैं। उक्त शपथ पत्र में अपने तथा अपने पति के उक्त दोनों नामों के सत्यापन के संदर्भ में भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा औरंगाबाद, बिहार में जमा करने के आशय से कर रहा हूं।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 12909 दिनांक 20.5.26

शपथकर्ता
श्रीमती देवी


## जीविका दीदी अधिकार केन्द्र व नीरा संवर्धन केन्द्र का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** गुरारू प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखण्ड जीविका प्रबंधक प्रवीण कुमार की अगुवाई में जीविका दीदी अधिकार केन्द्र तथा नीरा संवर्धन केन्द्र का उद्घाटन अंचल अधिकारी श्रीमती नुपूर, प्रखण्ड पंचायतराज पदाधिकारी उपाध्याय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संभव कुमार सिंह, जीविका के मेंटर प्रभात कुमार, एस. डी. प्रबंधक राकेश कुमार, पंजाब नैशनल बैंक मटुक बिगहा के शाखा प्रबंधक मो. शाहिन अख्तर सहित दर्जनों जीविका दीदियों एवं पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर दोनों केन्द्रों का उद्घाटन फीता काट कर किया गया। गौरतलब है कि जीविका दीदी अधिकार केन्द्र में महिलाओं से जुड़ी अपराध एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में आ रही परेशानियों के बारे में महिलाओं का मार्गदर्शन एवं काउंसिलिंग किया जाऐगा। वही कुछ ग्रामीणों ने नीरा संवर्धन केन्द्र का प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न मुख्य स्थानों पर विस्तार करने का मांग जीविका प्रबंधक से किया है।

## अपहृत किशोरी सकुशल बरामद, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंझियावां पंचायत के एक गांव से अपहृत किशोरी को सकुशल बरामद शुक्रवार को कर लिया। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि 20 मई 2026 को पीड़िता के पिता ने थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन में कहा गया था कि उनकी पुत्री घर से बाहर गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर जानकारी मिली कि एक युवक शादी की नीयत से किशोरी का अपहरण कर ले गया है। शिकायत मिलने के बाद आंती थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। त्वरित कार्रवाई एवं सूचना संकलन के आधार पर पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं आरोपी सहेंद्र कुमार, पिता स्व. रामदेव मांझी, निवासी घोसता, थाना मदनपुर, जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## गयाजी में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने किया विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने आज गया नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रमुख नालों एवं क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं नियमित बनाने का निर्देश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर का निर्माण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नालों की नियमित सफाई, जलजमाव की समस्या का समाधान तथा शहर में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना नगर प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुजापी-डेल्हा, गोदाम एरिया, पुलिस लाइन, नजारत एकेडमी, मिर्जा गालिब कॉलेज के निकट, केपी रोड, टिकारी रोड, कटारी रोड तथा इमिलिया चक भटबिघा सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख नालों एवं सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने कई स्थानों पर नालों में जमा गाद एवं कचरे की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे नाला के अंदर कूड़ा, पालीथीन आदि को न फेंकें स्वच्छ एवं सुंदर गयाजी बनाने में जनसहभागिता भी जरूरी है।

## बिक्रमगंज में स्कूली बच्चों ने ली जैव विविधता बचाने की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में बिक्रमगंज के लक्ष्मणपुर प्राथमिक विद्यालय परिसर स्थित बगीचे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने महसूस किया कि पेड़ों की छांव में गर्मी का असर काफी कम रहता है। इस मौके पर बच्चों ने जैव विविधता में हो रहे निरंतर ह्रास को रोकने का संकल्प लिया। जैव विविधता बाल क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ अफरीदी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जैव विविधता का नुकसान मानव जीवन के साथ-साथ सभी जीव-जंतुओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने बच्चों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने, वृक्षों का संरक्षण करने और गर्मी में पक्षियों के लिए छतों पर दाना-पानी रखने की अपील की। वहीं जैव विविधता प्रबंधन समिति मानी के अध्यक्ष मृत्युंजय मानी ने बच्चों को इको फ्रेंडली बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जैव विविधता में गिरावट के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है और इसे बचाने के लिए हर व्यक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह धरती केवल मनुष्यों की नहीं है, बल्कि कीड़े-मकोड़े और वनस्पतियों का भी इस पर समान अधिकार है।

# आहर की उड़ाही में मिली प्राचीन शिव प्रतिमा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत चित्तौखर ग्राम में आहर की उड़ाही के दौरान एक प्राचीन शिव प्रतिमा मिलने से पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा एवं कौतूहल का वातावरण बन गया। आहर की सफाई एवं मिट्टी निकासी का कार्य किया जा रहा था, तभी मिट्टी के अंदर से पत्थर निर्मित शिवलिंग युक्त प्रतिमा प्राप्त हुई। प्रतिमा मिलने की सूचना फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। लोगों ने श्रद्धा भाव से प्रतिमा की पूजा-अर्चना प्रारंभ कर दी। प्रतिमा पर फूल, बेलपत्र एवं अन्य पूजा सामग्री अर्पित की गई। ग्रामीणों के अनुसार प्रतिमा को मिट्टी से बाहर निकालने के समय उस पर तीन सांप लिपटे हुए थे जो लोगों की भीड़ और हलचल देखकर वहां से चले गए। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में विशेष धार्मिक आस्था देखी जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने बताया कि प्रतिमा के चारों ओर विभिन्न देवी-देवताओं की आकृतियां उकेरी गई हैं। उन्होंने इस प्रतिमा के चित्र को पुरातत्वविद सुजीत झा के पास भेजा एवं उन्होंने बताया कि प्रतिमा की एक ओर भगवान विष्णु, दूसरी ओर भगवान सूर्य की आकृति अंकित है। भगवान सूर्य की प्रतिमा के दोनों ओर कमल का फूल है एवं भगवान के एक हाथ में पद्म है। प्रतिमा के अन्य दो ओर भगवान गणेश तथा एक देवी की आकृति अंकित है। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य की इसी प्रकार की आकृति मां तारा नगरी केसपा ग्राम में भी स्थापित है जिससे इस प्रतिमा की धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्ता और बढ़ जाती है। पैक्स अध्यक्ष विजय नारायण सिंह ने कहा कि प्रतिमा अत्यंत प्राचीन प्रतीत होती है। प्रतिमा के आधा भाग पर उकेरी गई कलात्मक आकृतियां इसकी ऐतिहासिक महत्ता को दर्शाती है। वहीं ग्रामीण सुनील शर्मा ने कहा है कि यह क्षेत्र प्राचीन काल में किसी धार्मिक स्थल का केंद्र रहा होगा। ग्रामीण दीनानाथ कुमार, संटू प्रसाद सहित अन्य लोगों ने बताया कि आहर के समीप मंदिर निर्माण कर प्रतिमा को विधिवत स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है।


## PUBLIC NOTICE

It is hereby informed the General Public that I Smt. Chandrawati Devi W/O Sri Naresh Singh, Resident of ide Beri, P.S.-Bikram, P.O.-Karanja, District-Patna has been lost the original sale deed no.-3320 dated 10.06.1985 of the schedule property, to that effect a complaint has been lodged on 23.12.2025 at Masaurhi Police Station vide bearing no.-1154/25. Therefore, It is hereby informed to the General Public that Person(s), agent, bank(s), financial institutions etc. having any manner of claim, charges, mortgage, right, title and interest etc. In respect of the property described in the schedule are hereby requested to make the information to me in writing supported by documents as a proof and evidence within fifteen (15) days from the date of publication of this notice, failing which the claim of such person (s) shall be deemed to have been Waived or abandoned.

**Schedule**

Property situated under Mauza-Sonkukra Bhojpur, P.S.-Masourhi, Khata no.-08 & 10, Survey plot no.-121 & 122, Thana no.-153 an area of 4,646 Decimals under the Jurisdiction of Sub-Registry office, Masourhi, Patna.

**Signature of Chandrawati Devi**


CMYK

संपादकीय

# महंगाई का झटके पे झटका

ईंधन के दामों में भारी इजाफे के पहले झटके से देश उबर भी न पाया कि महज पांच दिनों बाद ही तेल कंपनियों ने दूसरी बार देश में पेट्रोल डीजल के भाव फिर बढ़ा दिए हैं। हालांकि यह वृद्धि पहले के मुकाबले एक तिहाई ही है। लेकिन यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पहले ही कमरतोड़ महंगाई और न्यूनतम आय से जूझ रहे भारतीय नागरिकों को लगातार झटके लगने वाले हैं। मंगलवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों ने तेल कंपनियों ने ईंधन के दामों में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि कर दी। इसके पहले ईंधन की दरों में तीन रूपए प्रति लीटर का इजाफा किया गया था, अब यह बढ़कर लगभग 4 रू. हो गया है। हालांकि कीमतों में इस वृद्धि का कारण मुख्य रूप से पश्चिम एशिया का संकट है, जिसकी वजह से खाड़ी देशों से भारत को तेल व गैस की सप्लाई लगभग ठप हो गई है। साथ ही वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। कहा जा रहा है कि तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी तेजी के कारण भारत की तेल कंपनियों को भारी घाटा हो रहा है। मोदी सरकार ने पिछले दिनों चुनाव के चलते तीन माह तक घाटा झेला, लेकिन अब वह इसे आम उपभोक्ता के सिर पर डालना चाहती है। और इसकी शुरूआत पिछले शुक्रवार से हो चुकी है। पश्चिम एशिया का संकट जल्द सुलझेगा, इसके कोई आसार नहीं है। उल्टे अमेरिका और ईरान के बीच सीधी जंग छिड़ने का खतरा और गहरा गया है। ऐसा हुआ तो हालात और बदतर होंगे, जिसका सीधा असर भारत जैसे देशों पर होगा, जो ऊर्जा के लिए काफी हद तक खाड़ी देशों पर निर्भर है। आज कच्चे तेल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। यह 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास हैं। जानकारों का कहना है कि हालात नहीं सुधरे तो दाम 200 डॉलर प्रति बैरल तक भी जा सकते हैं। ऐसा हुआ तो भारतीय अर्थ व्यवस्था की चूलें हिल जाएंगी। बताया जाता है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जब तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी। तब सरकारी तेल कंपनियों का दैनिक घाटा करीब 25 फीसदी कम होकर 750 करोड़ रुपये रह गया है। पहले ये लगभग 1 हजार करोड़ तक पहुंच गया था। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के मुताबिक, तेल कंपनियों को घाटे की भरपाई के लिए किसी राहत पैकेज या सब्सिडी पर विचार नहीं किया जा रहा है। यहां सवाल केवल तेल के दाम बढ़ने भर का नहीं है, पेट्रोल डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ने का सीधा असर परिवहन और पेट्रोलियम पदार्थों से बनने वाली वस्तुओं की लागत पर पड़ता है। ट्रकों, टैक्सियों का माल भाड़ा तुरंत बढ़ गया है। जिसका परिणाम दैनंदिन जीवन की उपभोग वस्तुओं की कीमतों पर पड़ना शुरू हो गया है। चाय की प्याली और खाने की थाली भी महंगी हो गई है। खेती की लागत बढ़ेगी। बस ऑटो का किराया बढ़ने से बच्चों को स्कूल कॉलेज भेजना और महंगा होगा। घर चलाने का औसत खर्च कम से कम 20 से 25 फीसदी तक बढ़ जाएगा। थोड़ी बहुत बचत होती थी, वह भी खत्म हो जाएगी। सर्वाधिक मार उन गरीब लोगों पर है, जो दिहाड़ी पर जीते हैं। खर्च बढ़ने से दैनिक मजदूरी बढ़ाने की मांग होगी नतीजतन जिनके पास धन है, उनके सामने में संकट खड़ा होगा। उधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले तो लोगों से फिजूलखर्ची कम करने की अपील की। जिसका यही संदेश गया है कि आगे और भयावह संकट आने वाला है। हालात कितने बदतर होंगे, यह कोई नहीं कह सकता।

# भाषा में संयम बनाम आचरण की भाषा

**अच्छा हुआ कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने तुच्छ याचिकाएं डालने और सोशल मीडिया पर न्यायपालिका की आलोचना करने वालों को अंग्रेजी में 'काकरोच और परजीवी' कहा वरना हिंदी के निरंतर गिरते स्तर को और गहरी ठेस लगती। मैं लंबे समय तक इस गलतफहमी में रहा कि हमारी हिंदी फिल्में अपने मारधाड़ वाले डॉयलाग के माध्यम से हिंदी का प्रचार और विकास कर रही हैं। और इससे गैर हिंदी भाषी लोग हिंदी सीख रहे हैं। भले ही वे हिंदी की गालियां ही हों। फिर हिंदुत्ववादी संगठन और उसके प्रचार प्रसार से भी यह गलतफहमी बनी कि वे और कुछ भले न करें लेकिन गैर- हिंदी क्षेत्रों में अपनी विचारधारा के साथ हिंदी फैला रहे हैं।**

यह गलतफहमी एक हद तक हिंदी के इलेक्ट्रॉनिक चैनलों की बढ़ती दर्शक संख्या को देखकर भी हुई। लगा कि उनके परदे पर तू-तू मैं-मैं और मारधाड़ वाली स्थितियां आखिरकार हिंदी इलाके का गौरव बढ़ा रही हैं और राष्ट्रीय राजनीति के सारे विमर्श को राष्ट्रीय भाषा में केंद्रित कर रही हैं। जो काम दयानंद सरस्वती, भारतेंदु हरिश्चंद्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, महावीर प्रसाद द्विवेदी, प्रेमचंद, हजारी प्रसाद द्विवेदी, महात्मा गांधी, पुरुषोत्तम दास टंडन, डॉ राममनोहर लोहिया और पंडित जवाहर लाल नेहरू नहीं कर पाए वह काम इस दौर के नेता बखूबी कर रहे हैं।

लेकिन यह गलतफहमी पिछले महीने हुए पश्चिम बंगाल के चुनावों में काफी कुछ उतर गई। वहां दोनों ओर से जितने हिंसक सांस्कृतिक विमर्श चले वे सब हिंदी में ही चल रहे थे। उल्टा करके सीधा कर देंगे, मार........को वगैरह वगैरह। बल्कि जो बंगाली कभी हिंदी वालों को छातू वाला, मेड़ो बोल रहे थे वे भी हिंदी में ही उतर आए। स्त्रियों से संबंधित जितनी अभद्र टिप्पणियां हिंदी में उभरी उन सभी ने नारी वंदन के नारे की सारी हवा निकाल दी। चुड़ैल, ताड़का और सूर्पनखा जैसे शब्द इतने धड़ल्ले से प्रयोग हो रहे हैं कि जैसे आप की बात न मानने वाला मनुष्य 'दैत्य और राक्षस' कुल का ही है। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनने का जैसा गौरव हमारे चुनावों में हासिल हुआ वैसा अभी न तो सरकारी दफ्तरों में हासिल हुआ है और न ही अदालतों में और न ही विश्वविद्यालयों में ज्ञान विज्ञान की भाषा के तौर पर। गाली गलौज के लिए हिंदी का प्रयोग अधिक प्रभावशाली होता जा रहा है और राष्ट्रीय स्तर पर यही स्वीकृत आचरण होता जा रहा है। पुलिस को तो इसमें महारत हासिल है। ऐसे में धन्य हैं हमारे गैर हिंदी भाषी क्षेत्र के हिंदी भाषी राष्ट्रीय नेता जिन्होंने अपनी मातृ भाषा को इस कलंक से बचाकर उसे हिंदी के माथे थोप दिया। हालांकि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने वकील, पत्रकार और आरटीआई एक्टविस्ट बने बेरोजगार युवाओं को 'काकरोच और परजीवी' कहने वाले बयान पर अपनी सफाई दे दी है और इस विवाद को शांत हो ही जाना चाहिए लेकिन इससे भाषा में संयम बरतने और मर्यादित आचरण करने का जो सवाल पैदा हुआ है उसे न तो शांत होना चाहिए और न ही



उस पर कार्रवाई रुकनी चाहिए। वरिष्ठ वकील का दर्जा मांग रहे थे संजय दुबे जी और लानत भेजी गई देश के युवाओं पर। हालांकि उस लानत के बाद मुख्य न्यायाधीश ने युवाओं की मिजाज पुर्सी भी की लेकिन घाव तो इतने जल्दी भरेगा नहीं। इस प्रसंग पर एक युनानी कथा याद आती है। सिकंदर महान के पिता फिलिप्स द्वितीय जो एक सैन्य रणनीतिकार थे और जिन्होंने युनानी साम्राज्य को सुदृढ़ किया था, एक बार अपने दरबार में बैठे थे।

उनके समक्ष एक फरियादी आया। जब उसने राजा की हालत देखी तो उसने अपनी फरियाद वापस ले ली। जब दूसरे दिन उसने फिर अपनी फरियाद पेश की तो राजा ने पूछा कि तुमने कल अपनी फरियाद वापस क्यों ले ली थी। उसने कहा कि महराज कल आप दोहरे नशे में थे। एक तो सत्ता का नशा दूसरे शराब का नशा। इसलिए न्याय होने की उम्मीद नहीं थी। वैसे ही संजय दुबे को भी समझना चाहिए था। एक ओर हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दक्षिणपंथी विचार का नशा है तो दूसरी ओर उनके पद का नशा है। ऐसे में उनसे न्याय की उम्मीद न तो एसआईआर के मामले में हो सकती है न ही चुनाव के मामले में, न वकीलों की वरिष्ठता के मामले में, न नीट परीक्षा के बारे में और न ही मजदूरों के वेतन के बारे में। अच्छा हुआ बाद में संजय दुबे ने अपनी याचिका वापस ले ली और माननीय न्यायमूर्ति ने उसकी इजाजत दे भी दी। शांति और अहिंसा के प्रमुख विचारक योहान गाल्तुंग ने हिंसा के तीन स्तर बताए हैं। एक हिंसा सांस्कृतिक स्तर पर होती है। जिसमें भाषा और चिंतन के स्तर पर दूसरे व्यक्ति या समुदाय को हीन समझा जाता है और उसके साथ संबोधन से लेकर लेन देन तक में निम्न स्तर का घृणित व्यवहार किया जाता है।

हिंसा का दूसरा स्तर भौतिक यानी शारीरिक हिंसा का है जिसमें मारपीट, हत्या डकैती और बलात्कार वगैरह शामिल है। तीसरा स्तर व्यवस्था यानी राज्य और समाज की संगठित शक्ति द्वारा की जाने वाली हिंसा है। उसमें बुलडोजर से किसी का मकान गिराना या किसी को जमीन और घर से बेदखल करने से लेकर उस पूरी कौम के नरसंहार की सैन्य कार्रवाई तक शामिल है। जैसे की गज़ा में इजराइल कर रहा है। ईरान में अमेरिका कर रहा है या ईरान की अपनी सत्ता अपने नागरिकों और विशेषकर आजादी चाहने वाली स्त्रियों के साथ करती रहती है। इजराइली बुलडोजर ने भारत के शासकों को भी प्रेरणा दी है। वे अब उसका प्रयोग अपने नागरिकों के एक हिस्से को पराया बताकर उस पर कर रहे हैं। ध्यान रहे भारत में आपातकाल में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत संजय गांधी ने इसका जब दिल्ली के तुर्कमान गेट पर इसका प्रयोग किया था तो उसकी आलोचना तत्कालीन जनसंघ के नेताओं ने भी की थी।

निश्चित तौर पर असंयमित भाषा गंभीर किस्म की सांस्कृतिक हिंसा करती है और वह बाद में होने वाली भौतिक और संरचनात्मक हिंसा के लिए वातावरण निर्मित करती है। लेकिन अगर आचरण की भाषा में प्रेम और अहिंसा है, मर्यादा है तो इस भाषा का प्रभाव घाव देने के बजाय मलहम लगाने वाला होता है। प्रेम बढ़ाने वाला होता है। सुधारने वाला होता है। कई बार संत महात्मा, समाज सुधारक और साहित्यकार समाज के हित में असंयमित भाषा का उपयोग करते हैं। कई बार महिलाएं शादी विवाह में प्रेम भरी गालियां देती हैं। कई बार ब्रज में अपने ही इष्ट को गालियां दी जाती हैं। इससे इष्ट के प्रति सखा भाव जगता है और वह भक्त के अधिक करीब आता है। श्री मागो ने रामकृष्ण वचनामृत में ठाकुर के चरित्र का जो वर्णन किया है उसमें वे सहज भाव से गालियां देते हैं। जब कृष्ण बिहारी मिश्र ने वचनामृत को आधार बनाकर कल्पतरु की उत्सव लीला शीर्षक से ठाकुर की जीवनी लिखी और उसकी पांडुलिपि प्रकाशन के लिए भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन को भेजी तो संपादक ने आरंभिक पंक्तियों में लिखी गालियों पर आपत्ति की। इस पर लेखक का कहना था कि वे नहीं हटाई जाएंगी क्योंकि ठाकुर जी ऐसे ही बोलते थे।

एक बार जब काशीनाथ सिंह से किसी ने कहा कि उनके उपन्यास 'काशी का अस्सी' में गालियां बहुत हैं तो उनका कहना था कि काशी की गालियां फकीरों की गालियां हैं। लेकिन जब सत्ता के शीर्ष पदों पर बैठे राजनेता या चैनलों के प्रस्तोता और उन पर बहस के लिए बुलाए जाने वाले विशेषज्ञ सत्ता हासिल करने, उसे बनाए रखने और अपना बिजनेस चलाने के लिए 24 घंटे आक्रामक भाषा में सांस्कृतिक हिंसा करते हैं तो समाज की दशा दिशा पर चिंता होती है। गालियों और उनसे संरचनागत हिंसा के माहौल को निर्मित किया जाता है और फिर तानाशाह या फासिस्ट उसे सामान्य घटना बना देता है। विडंबना देखिए कि यहूदियों के लिए जिस भाषा का प्रयोग हिटलर करता था आज उसी भाषा का प्रयोग इजराइल फिलस्तीनियों के लिए करता है। हिटलर ने यहूदियों के लिए परजीवी और चूहा कहा था। इस तरह के साहित्य से जर्मनी का उस समय का विमर्श पटा पड़ा है। आज इजराइल फिलस्तीनियों के लिए जहरीला कीड़ा यानी वर्मिन शब्द का प्रयोग कर रहा है। जुलाई 1994 में रवांडा के सरकारी रेडियो ने तुर्तियों के लिए काकरोच शब्द का प्रयोग किया था उसके बाद सौ दिनों में आठ लाख तुर्ती मार दिए गए। उनकी नस्ल ही समाप्त कर दी गई। निश्चित तौर पर भाषा में संयम जरूरी है लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है आचरण की संयमित भाषा। अगर आप के फैसलों और कार्रवाइयों में श्रेष्ठ आचरण परिलक्षित होता है और कभी कभार भाषा में फिसलन हो जाती है तो चलेगा। लेकिन अगर आप की भाषा में संयम नहीं है और आचरण की भाषा भी हिंसक और अमर्यादित है तो सोचना होगा कि कहीं हमारा समाज गहराई में हिंसा और अराजकता की ओर तो नहीं जा रहा है। कबीर ने चेतावनी दी थी कि 'आपन आपन मेढ़ संभालों बढ़ो हाथ लो पानी।' उसी बात को गांधी जी ने पत्रकारिता और लेखन करने वालों (उसे बोलने वालों पर भी लागू कर सकते हैं) को सचेत करते हुए कहा था कि जिस प्रकार बाढ़ का पानी खेत के खेत और गांव के गांव तबाह करता हुआ चला जाता है, उसी प्रकार अनियंत्रित और अमर्यादित भाषा समाज और देश को तबाह कर देती है। यहां कम से कम हिंदी वालों से तो कहा ही जा सकता है कि वे अपनी भाषा को मर्यादा में रखें।

अध्यात्म

## बड़े निर्णय लेते समय गुस्सा, या जल्दबाजी से बचना चाहिए

रामायण का प्रसंग है। अयोध्या नगरी भव्य रूप से सजी हुई थी। चारों ओर उत्सव का माहौल था। दीपों की रोशनी, फूलों की मालाएं और शहनाइयों की गूंज वातावरण को और भी पवित्र बना रही थी। सभी नागरिक अत्यंत प्रसन्न थे, क्योंकि अगले दिन श्रीराम का राज्याभिषेक होने वाला था। इधर देवलोक में देवताओं के मन में एक चिंता थी। वे जानते थे कि यदि श्रीराम राजा बन गए, तो राम अवतार का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाएगा, भविष्य में रावण का वध होना तय है, इसके बाद धर्म की स्थापना होगी। इस स्थिति में कुछ देवताओं ने देवी सरस्वती से प्रार्थना की कि इस योजना में कोई ऐसी बाधा उत्पन्न की जाए, जिससे घटनाओं का क्रम बदल जाए। देवी सरस्वती पहले इस विचार से अप्रसन्न हुईं, लेकिन नियति के तर्क को समझते हुए उन्होंने अयोध्या जाने का निर्णय लिया। अयोध्या पहुंचकर, देवी ने विचार किया कि किस व्यक्ति के माध्यम से स्थिति को प्रभावित किया जा सकता है। वे समझती थीं कि सीधे किसी सत्यनिष्ठ या मूल निवासी के मन को बदलना कठिन होगा, इसलिए उन्होंने ऐसे व्यक्ति की तलाश की जो भावनात्मक रूप से अधिक प्रभावित हो सके। देवी सरस्वती की दृष्टि मंथरा पर पड़ी, जो रानी कैकयी के साथ उनके मायके से दहेज के रूप में आई दासी थी। मंथरा के स्वभाव में ही शंका और असुरक्षा की भावना थी। सरस्वती जी ने उसके विचारों में भ्रम उत्पन्न किया और उसकी सोच को प्रभावित कर दिया। मंथरा की बुद्धि देवी सरस्वति ने भ्रमित कर दी थी, इसके बाद मंथरा ने कैकयी के मन में यह भावना भर दी कि राम के राज्याभिषेक से भरत का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा और उसे उसका उचित अधिकार नहीं मिलेगा। धीरे-धीरे कैकयी के मन में संशय और क्रोध उत्पन्न होने लगा। इसके बाद कैकयी ने राजा दशरथ से दो वरदान मांग लिए- भरत के लिए राज और राम के लिए वनवास। इस प्रकार जिस राज्याभिषेक की तैयारी पूरे अयोध्या में उत्सव की तरह हो रही थी, वह उत्सव अचानक टल गया और राम को 14 वर्षों के लिए वनवास पर जाना पड़ गया। यह घटना आगे चलकर रामायण की महान कथा का आधार बनी, जिसमें धर्म, कर्तव्य और धैर्य की अद्भुत सीख छिपी है।

**सीख:** कैकयी ने अपने निर्णय भावनात्मक दबाव और भ्रम के कारण लिए थे। जीवन में बड़े निर्णय लेते समय गुस्सा, डर या जल्दबाजी से बचना

# भारत ने मध्यस्थता न्यायालय का फैसला अवैध ठहराया

**भारत अब देशहित में कठोर फैसले लेने में चूक नहीं रहा है। भारत ने कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के परिप्रेक्ष्य में कड़ा रुख अपनाते हुए पांच बड़े कूटनीतिक प्रहार किए थे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सिंधु जल समझौते को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना था। इस बाबत भारत ने दूसरा कठोर फैसला लेते हुए नीदरलैंड के हेग में स्थित अंतराष्ट्रीय स्थाई मध्यस्थता न्यायालय के उस फैसले को खारिज करते हुए अवैध ठहरा दिया, जो जम्मू-कश्मीर से जुड़ी जल विद्युत परियोजनाओं से संबंधित था। इन पर पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के तहत आपत्ति जताई थी।**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि 'अवैध रूप से गठित तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय ने 15 मई 2026 को अधिकतम जल ग्रहण क्षेत्र से संबंधित एक फैसला दिया है, जो सिंधु जल संधि की सामान्य व्यख्या के मुद्दों पर दिए गए फैसलों का पूरक है। भारत इस तथाकथित फैसले को पूरी तरह खारिज करता है, ठीक उसी तरह जैसे उसने अवैध रूप से गठित मध्यस्थता न्यायालय के सभी पूर्व निर्णयों को दृढ़ता से खारिज किया हुआ है। इस संधि को स्थागित रखने का भारत का फैसला बरकरार है।'

22 मार्च 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कठोर निर्णय लिए थे, जिनमें से एक 19 सितंबर 1960 को अंतरराष्ट्रीय जल संरक्षण संधि है। इस संधि में 12 अनुच्छेद और 8 परिशिष्ट हैं। यह एक ऐसी कूटनीतिक चाल थी, जिससे पाकिस्तान को भीषण जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। पाक कि आर्थिक समृद्धि में भी इस फैसले ने मठा घोलने का काम किया है। सिंधु जल संधि में भारत और पाकिस्तान के बीच नदियों का पानी बांटने का समझौता हुआ था। इस समझौते पर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए थे। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी। इसके अंतर्गत पाकिस्तान से पूर्वी क्षेत्र की तीन नदियों व्यास, रावी व सतलज की जल राशि पर नियंत्रण भारत के सुपुर्द किया गया था और पश्चिम की नदियों सिंधु, चिनाब व झेलम पर नियंत्रण की जिम्मेदारी पाक को सौंपी गई थी। इसके तहत भारत के ऊपरी हिस्से में बहने वाली इन छह नदियों का 80.52 यानी 167.2 अरब घन मीटर पानी पाकिस्तान को हर साल दिया जाता है। जबकि भारत के हिस्से में महज 19.48 प्रतिशत पानी ही शेष रह जाता है। नदियों की ऊपरी धारा (भारत में बहने वाला पानी) के जल-बंटवारे में उदारता की ऐसी अनूठी मिसाल दुनिया के किसी भी अन्य जल-समझौते में देखने में नहीं आई है। इसलिए अमेरिकी सीनेट की विदेशी मामलों से संबंधित समिति ने 2011 में दावा किया था कि यह संधि दुनिया की सफलतम संधियों में से एक है। लेकिन यह संधि केवल इसलिए सफल है, क्योंकि भारत संधियों की शर्तों को निभाने के प्रति उदार एवं प्रतिबद्ध बना हुआ था। जबकि जम्मू-कश्मीर को हर साल इस संधि के पालन में करीब 60 हजार करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। भारत की भूमि पर इन नदियों का अकूत जल भंडार होने के बावजूद इस संधि के चलते इस राज्य को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। पाकिस्तान की 2.6 करोड़ एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई इन्हीं नदियों के जल से होती है। पाक के बड़े भू-भाग की 21 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या की जल की जरूरतें इन्हीं नदियों पर निर्भर हैं। पिछले एक साल से सिंधु का पानी रोक दिए जाने से पाकिस्तान में खेती को बड़ा नुकसान हो रहा है।

दरअसल सिंधु-संधि के तहत उत्तर से दक्षिण को बांटने वाली एक रेखा सुनिश्चित की गई है। इसके तहत सिंधु क्षेत्र में आने वाली तीन नदियां सिंधु, चिनाब और झेलम पूरी तरह पाकिस्तान को उपहार में दे दी गई हैं। इसके उलट भारतीय संप्रभुता क्षेत्र में आने वाली व्यास, रावी व सतलज नदियों के बचे हुए हिस्से में ही जल सीमित रह गया है। इस लिहाज से यह संधि दुनिया की ऐसी इकलौती अंतर्देशीय जल संधि है, जिसमें सीमित संप्रभुता का सिद्धांत लागू होता है और संधि की असमान शर्तों के चलते ऊपरी जलधारा वाला देश नीचे की ओर प्रवाहित होने वाली जलधारा वाले देश पाकिस्तान के लिए अपने हितों की न केवल अनदेखी करता है, वरन बलिदान कर देता है। इतनी बेजोड़ और पाक हितकारी संधि होने के बावजूद पाक ने भारत की उदार शालीनता का उत्तर पूरे जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में आतंकी हमलों के रूप में देता रहा है। आतंकवाद को बहाना बनाकर छद्म युद्ध तीन दशक से लड़ रहा है। जबकि सभी हमले पाक सेना की करतूत हैं। दरअसल छद्म युद्ध में लागत तो कम आती ही है, हमलाबर देश पाकिस्तान वैश्विक मंचों पर इस बहाने रक्षात्मक भी हो जाता है कि इन हमलों में उसका नहीं, आतंकवादियों का हाथ है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि इस संधि को तोड़ने की हिम्मत न तो 1965 में भारत-पाक युद्ध के बाद दिखाई गई और न ही 1971 में। हालांकि 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में विभाजित कर नए राष्ट्र बांग्लादेश को अस्तित्व में लाने की बड़ी कूट व रणनीतिक सफलता हासिल की थी। कारगिल युद्ध के समय भी इस संधि को तोड़ने से चुके हैं।

दरअसल पाकिस्तान की प्रकृति में ही अहसानफरोशी शुमार है। इसीलिए भारत ने जब झेलम की सहायक नदी किशनगंगा पर बनने वाली 'किशन गंगा जल विद्युत परियोजना' की बुनियाद रखी तो पाकिस्तान ने बुनियाद रखते ही 'मध्यस्थता न्यायालय' में 2010 में ही आपत्ति दर्ज करा दी थी। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में किशनगंगा नदी पर 300 मेगावाट की जल विद्युत परियोजना प्रस्तावित है। हालांकि 20 दिसंबर 2013 को इसका फैसला भी हो गया। दुर्भाग्य कहलें या भारत द्वारा ठीक से अपने पक्ष की पैरवी नहीं करने के कारण यह निर्णय भारत के व्यापक हित साधे रखने में असफल रहा है। न्यायालय ने भारत को परियोजना निर्माण की अनुमति तो दे दी, लेकिन भारत को बाध्य किया गया कि वह 'रन ऑफ द रिवर' प्रणाली के तहत नदियों का प्रवाह निरंतर जारी रखे। फैसले के मुताबिक किशनगंगा नदी में पूरे साल हर समय 9 क्यूसेक मीटर प्रति सेकंड का न्यूनतम जल प्रवाह जारी रहेगा। हालांकि पाकिस्तान ने अपील में 100 क्यूसेक मीटर प्रति सेकेंड पानी के प्राकृतिक प्रवाह की मांग की थी, जिसे न्यायालय ने नहीं माना। पाकिस्तान ने सिंधु जल-समझौते का उल्लंघन मानते हुए भारत के खिलाफ यह अपील दायर की थी। इसके पहले पाकिस्तान ने बगलिहार जल विद्युत परियोजना पर भी आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसे विश्व बैंक ने निरस्त कर दिया था।

दरअसल द्विपक्षीय वार्ता के बाद शिमला समझौते में स्पष्ट उल्लेख है कि पाकिस्तान अपनी जमीन से भारत के खिलाफ आतंकवाद को फैलाने की इजाजत नहीं देगा। किंतु पाकिस्तान इस समझौते के लागू होने के बाद से ही, इसका खुला उल्लंघन कर रहा है। लिहाजा पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने के नजरिए से भारत को सिंधु जल-संधि को ठुकरा कर पानी को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। पुलवामा हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए पाकिस्तान की ओर बहने वाली नदियों का पानी रोकने की बात कही थी। भारत ने पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए हमले के बाद इस मांग को अंजाम तक पहुंचा दिया है। तय है, इस कूटनीतिक पहल से पाक की कमर टूट रही है। नदियों के प्रवाह को बाधित करना इसलिए भी अनुचित नहीं है, क्योंकि यह संधि भारत के अपने राज्य जम्मू-कश्मीर के नागरिकों के लिए न केवल औद्योगिक व कृषि उत्पादन हेतु पानी के दोहन में बाधा बनी हुई थी, बल्कि पेयजल के लिए नए संसाधन निर्माण में भी बाधा थी। इस संधि के चलते यहां की जनता को पानी के उपयोग के मौलिक अधिकार से भी वंचित होना पड़ रहा था। हैरानी की बात यह भी है कि यहां सत्तारूढ़ रहने वाली सरकारों और अलगाववादी जमातों ने इस बुनियादी मुद्दे को उछालकर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कभी नहीं की? इसलिए आतंक का माकूल जवाब देने के लिए भारत सरकार की इस कूटनीतिक पहल का असर अब पाकिस्तान में साफ दिखाई दे रहा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
किसी के प्रति मन में नकारात्मक मनोभाव न रखें। समाज में आपकी छवि अच्छी बनेगी। प्रेमीजन के साथ बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

**वृषभ**
आज प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आपकी रचनात्मक क्षमता का विकास होगा। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**मिथुन**
दूसरों की बातों पर अधिक ध्यान न दें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। काम समय पर पूरा न हो पाने के कारण थोड़े क्षुब्ध हो सकते हैं।

**कर्क**
आपके सभी काम समय पर हो जायेंगे। मन में नये विचार उत्पन्न होंगे। अपने कार्य के प्रति एकाग्र रहेंगे। आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी।

**सिंह**
आपके लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े कारोबार में अच्छा लाभ होगा। अपनी कमियों को दूर करने के लिये प्रयत्नशील रहेंगे।

**कन्या**
अति आत्मविश्वास के कारण काम खराब हो सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह में परेशानी हो सकती है। आज पूरा दिन आप व्यस्त रहेंगे।

**तुला**
बाहर का भोजन करने से बचें। साझेदारी वाले व्यापार में परेशानियाँ उत्पन्न होंगी। काम के तनाव का प्रभाव आपके घर के माहौल पर भी पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर योजना बना सकते हैं। सन्तान के करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में नये लोग आपसे मित्रता करना चाहेंगे। आज की मेहनत का सकारात्मक परिणाम आपको जल्द ही प्राप्त होगा। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम भाव बढ़ेगा।

**मकर**
आज किसी का अपमान न करें। सहकर्मी आपके व्यवहार से नाराज हो सकते हैं। नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। आपकी मन:स्थिति नकारात्मक हो सकती है।

**कुंभ**
दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। मौसमी बुखार और सर्दी-जुकाम की चपेट में आ सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से थोड़े असन्तुष्ट रहेंगे।

**मीन**
दाम्पत्य सम्बन्धों में ताजगी आयेगी। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। भाग्य का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लक्ष्मण झूला पर घूम कर लिया जायजा

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार की शाम तकरीबन 4 बजे अचानक पुनपुन लक्ष्मण झूला पर पहुंचे और पुल पर पैदल चलकर कुछ देर तक जायजा लिया, यह तीसरा मौका था जब नीतीश कुमार ने अपने द्वारा किए गए लक्ष्मण झूला के उद्घाटन के बाद लक्ष्मण झूला को देखने आए थे, और घूम कर अपने उद्घाटन के पुल को निहारते दिखें, दूसरी बार उद्घाटन के बाद 19 अप्रैल की दोपहर में आए थे, मौके पर अन्य अधिकारी मौजूद रहे। दरअसल 5 सितंबर 2025 को, तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुनपुन में पुनपुन नदी पर बने बिहार के पहले केबल सस्पेंशन ब्रिज 'लक्ष्मण झूला' का उद्घाटन किया था, लगभग 83 करोड़ रुपये की लागत से बना यह 320 मीटर लंबा झूला ऋषिकेश की तर्ज पर निर्मित है, जो पितृपक्ष के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र है, जो बिहार वासियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है और यही वजह है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब भी पटना रहते हैं तो कभी-कभी अचानक लक्ष्मण झूला को देखते अचानक से आ जाते हैं और घूम कर थोड़ी देर में निकल जाते हैं।

### ई रिक्शा से 59 लीटर देशी शराब बरामद

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना की पुलिस अवैध शराब के खिलाफ सजग नजर आ रही है।थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि शराब माफियाओं की हर गतिविधि पर अथमलगोला पुलिस की नजर है। उन्होंने कहा कि शराब संबंधी किसी भी सूचना पर तत्काल छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में



शुक्रवार को थाना पुलिस की टीम ने शुक्रवार को गश्ती के क्रम में टाल क्षेत्र से आ रही एक ई रिक्शा को करजान गांव के समीप संदेह के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के क्रम में उस पर लदे बोरे में अवैध शराब की पुष्टि होने पर ई रिक्शा को चालक समेत थाना लाया गया।ओ डी पुलिस पदाधिकारी श्याम कुमार ने बताया कि बरामद शराब 59 लीटर है। इसके उपरांत ई रिक्शा को जप्त कर लिया गया है। चालक नाबालिग किशोर के खिलाफ विधि निरुद्ध करवाई की जाएगी।

### गैस सिलेंडर लदे खड़े ट्रक में एक ट्रक ने मारी टक्कर

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में करजान गांव के समीप मोकामा बख्तियारपुर फोरलेन पर शुक्रवार को गैस सिलेंडर लदे ट्रक में मोकामा की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने असंतुलित होकर पिछले भाग में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टक्कर मारने वाला ट्रक का अगला भाग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।ग्रामीणों ने तत्काल 112 गश्ती वाहन को इसकी सूचना दी। इसके उपरांत तत्परता के साथ तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी ली।ग्रामीणों ने बताया कि जिस ट्रक में टक्कर हुई उसपर गैस सिलेंडर लदा हुआ देख कर सभी के होश उड़





गए। लेकिन जब जानकारी मिली कि खाली सिलेंडर बख्तियारपुर की ओर ले जाने के क्रम में खड़ी थी। तब सभी ने राहत की सांस ली।112 प्रभारी पुलिस पदाधिकारी सूर्यवंश तिवारी ने बताया कि दोनों ट्रक के चालक और उपचालक सुरक्षित हैं। किसी को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। सिर्फ टक्कर मारने वाले ट्रक का अगला भाग क्षतिग्रस्त हुआ है। फिलहाल आगे की करवाई के लिए थाना को पूरे वाकया से अवगत करवा दिया गया है।

### चोरी के ई-रिक्शा चार्जर के साथ युवक धराया

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के रामपुर नगवां गांव में चार ई-रिक्शा से चार्जरों की चोरी का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, चोरी किए गए ई-रिक्शा चार्जरों को बेचने के लिए बाइक से ले जा रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पकड़े



गए युवक की पहचान रामपुर नगवां निवासी साधु यादव के पुत्र उत्तम कुमार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी हुए चारों ई-रिक्शा के चार्जर बरामद किए गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को बाइक एवं चोरी के सामान सहित पालीगंज थाना के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच में जुट गई है।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर नदवां और नीमा रेलवे स्टेशन के बीच शुक्रवार को एक अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने थाने को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। मृतक उजले रंग का शर्ट और ब्लू रंग का पैंट पहने हुए था। धनरूआ थानाध्यक्ष ने बताया कि किस ट्रेन से हादसा हुआ, यह स्पष्ट नहीं है। आसपास के थानों में गुमशुदगी की सूचना खंगाली जा रही है। शव की शिनाख्त के लिए प्रयास जारी हैं। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी का परिजन लापता है तो धनरूआ या नदवां थाने से संपर्क करें।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का सीडीपीओ ने किया निरीक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शुक्रवार को लाभुकों के बीच टेक होम राशन का वितरण किया गया। इस दौरान सीडीपीओ अनिता कुमारी ने कई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि टीएचआर का वितरण फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने सेविका-सहायिकाओं को एफआरएस से ही वितरण करने का निर्देश दिया ताकि सही लाभुक तक राशन पहुंचे।निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ ने केंद्रों की साफ-सफाई, पोषाहार की गुणवत्ता और स्टॉक पंजी



का जायजा लिया। उन्होंने सेविकाओं को समय पर केंद्र खोलने, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और पोषाहार वितरण में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।गौरतलब है कि टीएचआर के तहत गर्भवती-धात्री महिलाओं और 6 माह से 3 साल तक के बच्चों को पोषाहार दिया जाता है।

### बदमाशों ने दिनदहाड़े की फायरिंग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना परिसर से सटे उत्तरी चहारदीवारी के पास शुक्रवार सुबह बाइक सवार तीन बदमाशों ने दो राउंड फायरिंग की और आराम से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। फायरिंग का मकसद अब तक साफ नहीं हो पाया है।अचानक हुई फायरिंग के बाद आसपास के कोचिंग संस्थानों के छात्रों में भगदड़ मच गई। मोहल्ले के लोग डर से अपने घरों की खिड़की-दरवाजे बंद कर अंदर दुबक गए।घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। थाने से घटनास्थल की दूरी पैदल महज पांच मिनट की है, फिर भी पुलिस को पहुंचने में एक घंटा लग गया। 112 की टीम मौके पर पहुंची। पदाधिकारी रामानुज शर्मा ने एक कोचिंग के सीसीटीवी फुटेज देखकर खानापूर्ति की और लौट गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाशों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। पिछले एक पखवाड़े में कपूर्री चौक, पाली रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास कार वॉशिंग सेंटर में तोड़फोड़ व फायरिंग हुई। इससे पहले गांधी मैदान, रेलवे स्टेशन और रेलवे गुमटी पर भी खुलेआम फायरिंग हो चुकी है।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित

## राज्यपाल ने 148 विद्यार्थियों को प्रदान की उपाधियां, विद्यार्थियों को समाज और ग्रामीण भारत की सेवा के लिए किया प्रेरित



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का चतुर्थ दीक्षांत समारोह शुक्रवार को अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय, पटना में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता बिहार के माननीय राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने की। इस अवसर पर बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के माननीय मंत्री नंदकिशोर राम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने स्वागत भाषण एवं विश्वविद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार शिक्षा, नवाचार एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अत्याधुनिक अनुसंधान तथा तकनीकी नवाचार के माध्यम से किसानों एवं पशुपालकों के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। अपने दीक्षांत संबोधन में राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों से भरे नए जीवन की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और प्रशिक्षित पेशेवरों की भूमिका इस क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ संवेदनशीलता, उद्देश्यपूर्ण नवाचार और ग्रामीण भारत की सेवा को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एवं बिहार सरकार के मंत्री श्री नंदकिशोर राम ने विद्यार्थियों को उपाधि प्राप्ति पर बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की असली कुंजी है। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 148 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. की उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें बी.टेक. (डेयरी टेक्नोलॉजी) के 23, बी.वी.एससी. एंड ए.एच. के 33, बी.एफ.एससी. के 25, एम.टेक. के 2, एम.वी.एससी. के 45, एम.एफ.एससी. के 14 तथा पीएच.डी. के 6 विद्यार्थी शामिल रहे। बिहार वेटेरिनरी कॉलेज, पटना की छात्रा निधि रानी को बी.वी.एससी. एंड ए.एच. कार्यक्रम में सर्वोच्च ओजीपीए प्राप्त करने पर यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल एवं प्रो. (डॉ.) आर.एन. सिंह गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। संजय गांधी डेयरी प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना की छात्रा गौरी सिंह को बी.टेक. (डेयरी टेक्नोलॉजी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। वहीं कॉलेज ऑफ फिशरीज, किशनगंज की छात्रा अंकिता सुमन को बी.एफ.एससी. कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। एम.वी.एससी. कार्यक्रम में बिहार वेटेरिनरी कॉलेज, पटना की छात्राएं सुरभि कुमारी एवं आकृती कुमारी को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

# ओवरलोड ट्रक ने बिजली पोल उड़ाया, ओवरब्रिज का पिलर भी तोड़ा

## घंटों गुल रही बिजली, पुलिस प्रशासन बनी मूकदर्शक



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेन रोड पर निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास शुक्रवार सुबह बालू माफियाओं का कहर देखने को मिला। ओवरलोड बालू लदे हाईवा ने तंग रास्ते से निकलते समय बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मार दी। पोल गिरने से कई मोहल्लों की बिजली घंटों गुल रही। यहाँ तक की हाईवा ने निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पिलर को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा बनाए जा रहे इस आरओबी के पास कई जगह 'प्रवेश निषेध' के बोर्ड लगे हैं। बावजूद इसके बड़े-बड़े वाहन रोज तंग रास्तों से निकाले जा रहे हैं।आए दिन हो रही इन घटनाओं से स्थानीय दुकानदारों में भारी रोष है। शुक्रवार की घटना के बाद दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का कहना है कि बालू माफिया बेलगाम हैं और पुलिस-प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। पोल गिरने से आसपास के मोहल्लों में सुबह से शाम तक बिजली आपूर्ति ठप रही। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बालू माफियाओं पर सख्त कार्रवाई और नो-एंट्री का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है।

# पुनपुन में ग्रीनफील्ड योजना के खिलाफ किसानों का हल्लाबोल, प्रखंड कार्यालय पर धरना

## बोले- कृषि योग्य भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाओ, यही एकमात्र जीविका



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स ग्रीनफील्ड योजना के विरोध में पुनपुन के किसानों ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पर किसान सहभागिता विकास मोर्चा के बैनर तले एकदिवसीय धरना का आयोजन किया। जहाँ किसानों ने जमीन की बिक्री-खरीद पर लगी रोक को तुरंत हटाने की मांग की। धरना पर बैठे किसानों का कहना है कि उनकी जमीन ही जीविका का एकमात्र साधन है। जमीन बिक्री पर रोक से वे बेहद परेशान हैं। किसी को बेटी की शादी करनी है तो किसी को अस्पताल में परिजन का इलाज कराना है। पैसों की सख्त जरूरत है, लेकिन जमीन बेच नहीं पा रहे है। किसानों ने ग्रीनफील्ड योजना के तहत अधिग्रहण प्रक्रिया और मुआवजे को लेकर भी सवाल उठाए। इसके साथ ही किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक रोक नहीं हटती, आंदोलन जारी रहेगा। धरना में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष किसान शामिल हुए। वहीं धरना पर बैठे बेहरावां पंचायत के मुखिया रवि कुमार ने कहा कि ग्रीनफील्ड टाउनशिप के खिलाफ किसान लामबंद, बिल वापसी की मांग है। ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप योजना का कड़ा विरोध कर रहे है। सरकार के 55% जमीन वापस करने वाले मॉडल को 'निरंकुश बिल' और किसानों की जमीन पर कब्जे की चाल बताया। कार्यक्रम संयोजक मनीष कुमार ने कहा कि सरकार किसानों को 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' दिखा रही है। 100% जमीन लेकर सिर्फ 55% डेवलप कर लौटाने का फॉमूर्ला किसान विरोधी है। सवाल उठाया- 'यह कहाँ का कानून है? क्या 45% जमीन स्थायी रूप से छीनना न्याय है। 'माता रूपी भूमि' को बचाने के लिए परियोजना के तहत एक इंच जमीन भी नहीं देंगे।उन्होंने ने कहा- 'जमीन का मूल्य बढ़ने का फायदा पूंजीपतियों को होगा, किसानों को नहीं।'भूमि बचेगी तभी किसान बचेगा, किसान बचेगा तभी भविष्य बचेगा। धरना पर तकरीबन 40 गांव के सैकड़ों लोग लोग बैठे रहे,इसमें सुलेखा सिंह, मनीष कुमार ,नवनीत कुमार ,परविंदर सिंह, महेश कुमार सिंह, राजेंद्र यादव, संजय यादव, गोपाल चौधरी, सुरेश प्रसाद, राजकिशोर सिंह, सोनू कुमार ,राजेश कुमार, सौरभ प्रियदर्शी आदि शामिल रहे ।

# मसौढ़ी में कमरे से युवक का शव बरामद, दो दिन से बंद था कमरा

## शराब की लत से था परेशान



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर मुख्यालय के कुमारटोली दुर्गा मंदिर के पास एक मकान के कमरे से शुक्रवार को युवक का शव बरामद हुआ है, मृतक की पहचान मनोज कुमार, पिता स्व. वासुदेव प्रसाद के रूप में हुई है।स्थानीय लोगों के अनुसार दो दिन से कमरा बंद था। शुक्रवार को कमरे से दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरा खोला तो बेड पर शव पड़ा मिला।आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक मनोज कुमार नशे का आदी था और दिन-रात शराब के नशे में रहता था। दो दिन पहले उसे नशे की हालत में मोहल्ले में घूमते देखा गया था। इसके बाद वह कमरे में बंद हो गया। जानकारी के मुताबिक मनोज की पत्नी नेहा कुमारी कई सालों से मायके में रह रही थी। इससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। घटना की सूचना पर पत्नी भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए उसकी पत्नी और उसकी सास को बोला गया लेकिन उसकी पत्नी ने कहा कि मुझे पोस्टमार्टम नहीं कराना है हम अकेले कुछ नहीं कर पाएंगे, मेरे आगे पीछे अब कोई नहीं बचा हुआ है हम अकेले महिला क्या करेंगे, घंटो तक पुलिस पोस्टमार्टम कराने पर अड़ी रही, लेकिन समाचार संकलन तक पुलिस समझाने बुझाने में जुटी रही,फिलहाल मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### बिजली चोरी में बारी बिगहा मुखिया समेत आठ उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का केस दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान कादिरगंज थाना क्षेत्र के पकौरा गांव में टीम गठित करते हुए सघन छापेमारी की गई ,जहां पर बारिबिगहा मुखिया समेत आठ उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का केस दर्ज कराया गया है, इन आठ उपभोक्ताओं से कुल 1,55,929 पर जुमार्ना लगाया गया है। बिजली चोरी में दर्ज किए गए प्राथमिकी में बिनोद कुमार, पिता किशोर प्रसाद ग्राम पकौरा पर 29269 जुमार्ना,शिवजी प्रसाद (उम्र लगभग 62 वर्ष) पिता पन्नू गोप ग्राम पकौरा, 23465/-(तेईस हजार चार सौ पैंसठ रु० मात्र),नरेश प्रसाद पिता मुन्सी प्रसाद ग्राम पकौरा, 22678/- (बाईस हजार छः सौ अठतर रु० मात्र),शाधु प्रसाद (उम्र लगभग 50 वर्ष) पिता स्व. बुनियादी प्रसाद ग्राम पकौरा,1 2319/- (बारह हजार तीन सौ उन्नीशरू० मात्र,कमलेश प्रसाद (उम्र लगभग 45 वर्ष) पिता जवाहर प्रसाद ग्राम, पकौरा, 49260/-(उनचास हजार दो सौ साठ रु० मात्र),बिन्दा प्रसाद (उम्र लगभग 50 वर्ष) पिता तुलसी प्रसाद ग्राम पकौरा आदी है। बबलू कुमार (उम्र लगभग 35 वर्ष) पिता कपिल प्रसाद, ग्राम पकौरा पंचायत बारीबिगहा,जुमार्ना राशि,(दस 10451 हजार चार सौ ईक्कावन रु० मात्र),हरी प्रसाद (उम्र लगभग 35 वर्ष) पिता रामजन्म प्रसाद ग्राम पकौरा पंचायत बारीबिगहा, 8487/-(आठ हजार चार सौ सतासी रु० मात्र) लगाया गया है।

# भदौरा पैक्स चुनाव रोचकः अध्यक्ष पद पर पिता-पुत्र आमने-सामने, कुल 4 उम्मीदवार मैदान में



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद भदौरा पैक्स चुनाव में इस बार मुकाबला दिलचस्प हो गया है। 3 जून को होने वाले चुनाव के लिए अध्यक्ष पद पर चार उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। सबसे ज्यादा चर्चा पिता-पुत्र के आमने-सामने होने की है। अध्यक्ष पद के लिए नागेश्वर शर्मा, लक्ष्मण पांडे, रामदयाल सिंह और पवन कुमार ने पर्चा भरा है। इनमें रामदयाल सिंह और पवन कुमार रिश्ते में पिता-पुत्र हैं जो अब चुनावी मैदान में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। भदौरा पैक्स में कुल 2600 मतदाता हैं। मतदान के लिए 4 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पहले यहां सीधी टक्कर हुआ करती थी, लेकिन इस बार चार उम्मीदवार होने से मुकाबला चतुष्कोणीय हो गया है। चुनावी सरगर्मी के बीच सबकी निगाहें नाम वापसी की तारीख पर टिकी हैं। देखना यह है कि आखिरी दिन तक चारों उम्मीदवार मैदान में रहते हैं या कोई नाम वापस लेता है। प्रशासनिक तैयारी जोरों पर है। 3 जून को मतदान होगा।

### शहीद विजय प्रीमियर लीग, सरथुआ, पटना सीजन-4 के मुकाबले हुए रोचक

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पहला मुकाबला माही इलेवन, एकंगरसराय 52 ब्रदर्स इलेवन, पचरूखिया पहले बल्लेबाजी करते हुए माही इलेवन , एकंगरसराय की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 52 रन का लक्ष्य दिया जिसे ब्रदर्स इलेवन, पचरूखिया की टीम ने 6 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया।

# मां के पीछे निकली 4 साल की बच्ची रास्ता भटकी, युवाओं ने घर तक पहुंचाया



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंसानियत अभी जिंदा है। इसका उदाहरण शुक्रवार शाम मेन रोड पर देखने को मिला जब स्थानीय युवाओं की तत्परता से रहमतगंज की 4 साल की खोई बच्ची सकुशल अपनी मां तक पहुंच गई।दरअसल रहमतगंज निवासी बसीर आलम की पत्नी शबनम खातून शुक्रवार शाम बाजार निकली थीं। उनके पीछे-पीछे 4 साल की बेटी भी घर से निकल पड़ी, लेकिन मां को भनक तक नहीं लगी। बच्ची भटकते-भटकते मेन रोड पहुंच गई और रोने लगी। बच्ची को रोता देख मेन रोड के विक्की जायसवाल, मकबूल आलम और संतोष केसरी ने उसे संभाला। दुकान में बिठाकर नाम-पता पूछा, लेकिन तोतली आवाज में बच्ची कुछ बता नहीं पा रही थी। इसके बाद मकबूल आलम बच्ची को लेकर सब्जी मंडी होते हुए रहमतगंज पहुंचे। वहां स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची के घर का पता चला। बेटी को सही-सलामत देख शबनम खातून की आंखें भर आईं।

# शहीद विजय प्रीमियर लीग सीजन-4 का रंगारंग आगाज, दूधिया रोशनी में गूंजे बल्ले

## सरथुआ रेलवे ग्राउंड बना क्रिकेट का महाकुंभ, राज्यस्तरीय 16 टीमें ले रहीं हिस्सा

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरथुआ स्थित रेलवे ग्राउंड इन दिनों देर शाम दूधिया जगमगाती रोशनी से नहा उठा है, जब शहीद विजय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-4 का भव्य उद्घाटन हुआ। शहीद विजय की स्मृति को समर्पित इस राज्यस्तरीय टूनार्मेंट में पटना, बाढ़, खगड़िया समेत बिहार की 16 दिग्गज टीमें अपना दमखम दिखा रही हैं।

**उद्घाटन समारोहः खेल और समाज का संगम**

मुख्य अतिथि जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह दनियावां पंचायत मुखिया नवनीत कुमार, खरभैया पैक्स अध्यक्ष सह समाजसेवी मुन्ना कुमार, खेल प्रेमी व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार, शिक्षक मंटू कुमार, ई. विक्कू रंजन, राकेश कुमार, बमशंकर कुमार, रवि रंजन, गणतंत्र समेत सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों की मौजूदगी में टूनार्मेंट का आगाज हुआ। रेफरी कुमाल बनर्जी, अम्बर पटेल, ऋषि कुमार, समित कुमार, राहुल पटेल, अभिषेक कुमार ने






खेल संचालन की जिम्मेदारी संभाली। वरीय मीडिया कर्मी व साहित्यकार डॉ. राजीव कुमार नयन ने आयोजन समिति के युवाओं को शुभकामनाएं दीं। शहीद विजय के भाई मनोज कुमार, जदयू नेता सुनील कुमार, संतोष रंजन, अमित पटेल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**पहले दिन के रोमांचक मुकाबले**

1. पहला मैचः सुमित इलेवन, पटना ५२ न्यू स्टार इलेवन, बाढ़ न्यू स्टार इलेवन ने पहले बल्लेबाजी कर 8 ओवर में 42 रन का लक्ष्य दिया। सुमित इलेवन ने 4.2 ओवर में 4 विकेट खोकर आसान जीत दर्ज की।
2. दूसरा मैचः आरिस इलेवन, खगड़िया ५२ हथला क्रिकेट क्लब आरिस इलेवन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 140 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में हथला क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 7.2 ओवर में मात्र 69 रन पर सिमट गई। आरिस इलेवन ने 71 रन से बड़ी जीत हासिल की।

**ग्रीनटॉप ग्राउंड और शानदार व्यवस्था**

मुख्य आयोजक मुकेश कुमार ने बताया कि सरथुआ रेलवे ग्राउंड को सिंचाई कर ग्रीनटॉप हरियाली युक्त बनाया गया है। बाहर से आई टीमों के रहने, खाने-पीने की बेहतरीन व्यवस्था की गई है। अल्ट्राटेक सीमेंट दनियावां, नटराज फर्नीचर हिलसा, ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल दनियावां समेत कई दिग्गज स्पॉन्सर्स ने आर्थिक सहयोग दिया है।

**२४ मई को होगा समापन, विजेताओं को मिलेगा आकर्षक इनाम**

टूनार्मेंट का समापन रविवार 24 मई को होगा। विजेता व उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी, शील्ड, मोमेंटो और नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों को उम्मीद है कि इस मिट्टी से भी वैभव सूर्यवंशी, उर्मिल पटेल, मुकुल चौधरी, रॉबिन मिंज व रिंकू सिंह जैसी प्रतिभाएं निकलकर बिहार का नाम रोशन करेंगी। फिलहाल सरथुआ व आसपास के गांवों के क्रिकेट प्रेमी बड़ी संख्या में मैच देखने पहुंच रहे हैं। यह आयोजन पटना जिले में अपने आप में अनूठा माना जा रहा है।

# पीएनजी कनेक्शन की धीमी प्रक्रिया पर डीएम ने जताई नाराजगी

## जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की उपलब्धता तथा उनके सुचारू वितरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न तेल एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ ईंधन आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आवासीय परिसरों, ऑफिसर्स कॉलोनी में पीएनजी कनेक्शन की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। अधिकृत एजेंसी थिंक गैस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि से पूछताछ के क्रम में यह जानकारी सामने आई कि पिछले 12 दिनों में औसतन मात्र तीन रजिस्ट्रेशन प्रतिदिन हो सके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने स्थिति पर गहरा क्षोभ जताते हुए संबंधित एजेंसी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नगर निगम के सिटी मैनेजर को पीएनजी कनेक्शन के लाभों के संबंध में आम उपभोक्ताओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पीएनजी, एलपीजी की तुलना में अपेक्षाकृत सस्ता एवं सुविधाजनक विकल्प है। बैठक में जिलाधिकारी ने आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि संबंधित क्षेत्रों में अधिकाधिक पीएनजी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराने की दिशा में समन्वित प्रयास किए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था का लाभ मिल सके। तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि जिले का कोई भी पेट्रोल पंप 'ड्राई आउट' नहीं है तथा पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। एलपीजी सिलेंडरों की बुकिंग के पश्चात निर्धारित समयावधि में उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति की जा रही है।

बैठक के दौरान गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ बड़े उपभोक्ताओं द्वारा समय पर भुगतान नहीं किए जाने के कारण कुछ मामलों में ईंधन आपूर्ति बाधित होती है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसी परिस्थितियों में संबंधित आपूर्ति इकाइयां नोटिस बोर्ड पर स्पष्ट सूचना प्रदर्शित करें, ताकि आम जनता को वास्तविक कारण की जानकारी मिल सके और अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सिमरिया घाट, कल्पवास मेला क्षेत्र एवं गुप्ता-लखमिनिया तटबंध के समीप महेंद्रपुर गांव में संचालित कटाव निरोधक कार्यों हेतु प्रतिदिन 4,000 से 6,000 लीटर डीजल की आवश्यकता का मुद्दा भी उठाया गया।

इस पर कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि औद्योगिक उपयोग हेतु ईंधन आपूर्ति पर किसी प्रकार की रोक नहीं है तथा इसकी उपलब्धता सुचारू रूप से बनी हुई है।बैठक के अंत में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# डीएम के जनता दरबार में लोगों ने सुनाई फरियाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सबका सम्मान, जीवन आसान के अंतर्गत जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जनता दरबार के दौरान कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, राशन कार्ड, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, अतिक्रमण, आवास योजना, पारिवारिक लाभ योजना, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों से संबंधित आवेदन शामिल थे। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों को की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सबका सम्मान, जीवन आसान कार्यक्रम का मूल उद्देश्य आमजन को सुलभ, संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है, जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# संत शाही संघ के संयोजकत्व में दो दिवसीय शिविर

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संत शाही सेवा संघ के संयोजकत्व में महर्षि मेही दास के अनुयायियों द्वारा रजाकपुर में दो दिवसीय ध्यान, साधना शिविर तथा सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें इलाके के काफी संख्या में अनुयायियों ने हिस्सा लिया। ध्यान, साधना के बाद आयोजित सत्संग में स्वामी युगला नंद ने कहा कि सत्संग के माध्यम से मानव को जीव एवं ब्रह्म के संबंध में जानकारी मिलती है। मानव के ऊपर अंधकार का पर्दा लगा हुआ है। जिससे वह सांसारिक सुखों को असली सुख मान बैठता है। सत्संग के बिना मन माया, मोह, लोभ, तृष्णा, अभिमान में भटकता रहता है, और मानव जन्म के मूल उद्देश्य से भटक जाता है तथा अपार कष्ट भोगता है। 84 लाख योनियो में मानव योनि सर्वश्रेष्ठ योनि है। इस योनि को पाने के लिए देवता भी लालायित रहते हैं, पर इसे पाकर मानव इसे कौड़ी के दाम में गंवा देता है। सत्संग, भजन ही जन्म, मरण, आवागमन से छुटकारा पाने का एक मात्र साधन है। उन्होंने इसे अपने जीवन में उतारने का अनुरोध किया है। स्वामी हरि नंदन, स्वामी मुन्ना ने भी सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए इसे जीवन में उतारने का अनुरोध किया। प्रस्तुत भजन कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया।मौके पर मुखिया श्वेता भारती, नावकोठी मुखिया राष्ट्रपति कुमार, गणेश महतो, जितेंद्र कुमार, बलराम राय, शंकर राय, राजेश कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित कई सत्संग प्रेमी मौजूद थे।

# नियोजन कैम्प में 58 अभ्यर्थियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय में गुरुवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। इस नियोजन कैंप का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था। कैंप में निजी कंपनी जेपटो प्रा. लिमिटेड के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधि श्री अविनाश द्वारा उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में उपलब्ध रोजगार अवसरों, कार्यस्थल, वेतन एवं भत्तों सहित अन्य सेवा शर्तों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभ्यर्थियों को कार्य की प्रकृति तथा नियुक्ति से संबंधित विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराया गया। कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए 200 रिक्त पदों के विरुद्ध कुल 58 अभ्यर्थियों ने नियोजन कैंप में भाग लिया। साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 32 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने उपस्थित बेरोजगार युवाओं को कैरियर एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि जिला नियोजनालय द्वारा रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह जॉब कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बिहार सहित अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इन जॉब कैंपों की सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित की जाती है ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जिला नियोजनालय द्वारा आयोजित नियोजन कैंपों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

# जैव विविधता संरक्षण का छात्रों ने लिया संकल्प

## प्रकृति की रक्षा करना नैतिक दायित्व

**'नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय पूर्वी डफरपुर में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्विज प्रतियोगिता, चित्रांकन, भाषण प्रतियोगिता एवं प्रकृति दिग्दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाध्यापक हर्षवर्धन कुमार एवं शिक्षक मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान बच्चों को विद्यालय परिसर एवं आसपास मौजूद विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों, फूलों तथा जीव-जंतुओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक हर्षवर्धन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया में मुख्य रूप से जलचर, नभचर एवं थलचर जीव पाए जाते हैं और सभी जीव-जंतुओं का पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि मनुष्य सबसे विवेकशील प्राणी है, इसलिए प्रकृति और जैव विविधता की रक्षा करना उसका नैतिक दायित्व है। आधुनिक विकास और मानवीय गतिविधियों के कारण पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचा है, ऐसे में सभी को प्रकृति संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने बच्चों से जैव विविधता के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि संतुलित पर्यावरण से ही मानव जीवन सुरक्षित और समृद्ध बन सकता है। क्विज प्रतियोगिता में वर्ग अष्टम की छात्रा प्रिया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हरिओम कुमार द्वितीय एवं चांदी कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रीति कुमारी ने किया।

# बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी

**'नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र में बिजली चोरी की रोकथाम के लिए पहसारा पश्चिमी पंचायत में छापेमारी अभियान चलाया गया। नॉर्थ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के नावकोठी पावर स्टेशन के जेई विमल कुमार साहा ने अवैध रूप से बिजली चोरी की घटनाओं की एक व्यक्ति के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। जेई विमल कुमार साहा ने बताया कि पहसारा पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 15 के राहुल कुमार द्वारा मुर्गा फार्म पर मीटर के पास सर्विस लाइन में बिजली का अवैध रूप से उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इससे नार्थ पावर ड्रिस्ट्रीब्यूशन को 57,218 रूपए राजस्व का घाटा हुआ है। थाना में विद्युत अधिनियम 135 के तहत कांड दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बिजली चोरी रोकथाम छापामारी में जेई के अतिरिक्त कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार, तकनीकी संजय कुमार, मानव बल सुनील कुमार तांती,अमित कुमार सहनी, अनमोल कुमार आदि मौजूद थे।

# साइबर क्राइम से बचाने को लेकर किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमालपुर (मुंगेर)।** विद्यालय परिसर में प्री नर्सरी एवं नर्सरी वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित 6 दिवसीय मदर्स डे सेलिब्रेशन बड़े ही उत्साह एवं आनंद के साथ समापन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर पंकज कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सूरज सर तथा अकादमिक इंचार्ज प्रणव सर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार, एसआई सुजीत कुमार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने माताओं को शुभकामनाएं और बच्चों को प्यार दिया। उन्होंने साइबर क्राइम से होने वाले नुकसान और तरीके से माताओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह एवं सूरज सर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में मां के महत्व एवं उनके त्याग, प्रेम और समर्पण पर प्रकाश डाला साथ ही विद्यालय के द्वारा बच्चों के लिए किए जाने वाले व्यावहार के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों जैसे आरव, अयांश, अक्षत, आशविक, प्रभाया, हरिदान, कयारा, अठरव, दक्ष, कृषा, कृतिका, अनन्या, स्नाया, रेयांश, विराट, हर्ष, आयु, राजवीर, भाव्याश्री, तनीश, ऋषिका, कृषव, सूर्यांश, शिवांश, सक्षम और कई ने माँ पर आधारित गाने जैसे' लुका-छिपी, तू कितनी अच्छी हैं, तुझको ना देखू तो, तेरी उंगली पकड़ के चला, मेरी दुनिया तू ही रे' में रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए एवं भावपूर्ण माँ पर आधारित' मेरी प्यारी माँ' और कविताएँ प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सुपर मॉम्स के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों जैसे बास्केट बॉल आयोजन किया गया। समारोह का विशेष आकर्षण सुपर मॉम्स द्वारा केक कटिंग रहा, जिसने पूरे वातावरण को भावुक और आनंदमय बना दिया। मांओं एवं बच्चों के द्वारा सेल्फी पॉइंट में इस यादगार पल को कैद कर लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। प्ले स्कूल की अकादमिक इंचार्ज चांदनी मिस ने अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। कार्यक्रम समन्वयक के रूप में करीना मिस ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसके अतिरिक्त रंजीता मिस, मुस्कान मिस, खुशबू मिस, अदिति मिस, प्रगति मिस, अनीशा मिस एवं साहिल सर ने अथक परिश्रम कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी माताओं, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कार्यक्रम की सफलता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# केस उठाने को लेकर जान मारने की धमकी

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रामनगर थाना क्षेत्र के भागीचक गांव जेल से निकले आरोपी ने केस उठाने को लेकर पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन में रामनगर भागीचक गांव कुंदन कुमार ने बताया कि पिछले साल गांव के दबंग संतोष यादव, रितेश यादव, मुकेश यादव, राजेंद्र यादव सहित कई लोग मिलकर मुझे गोली मारकर बुरी तरह घायल किया था। इस मामले में सभी लोग जेल भी गए थे और 2 दिन पूर्व जेल से वापस लौट के बाद मुझे रास्ते में रोक कर गाली गलौज एवं जान मारने की नीयत से गला दबाने लगा। इसी मामले को लेकर रामनगर थाना एवं पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग किए हैं। इधर पुलिस अधीक्षक ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं।

# जनसंवाद कार्यक्रम में समस्याओं का किया गया समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत समाहरणालय में जन सुनवाई सह जन संवाद में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने 25 नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक मामले में तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। नीरपुर बरियारपुर निवासी विपिन कुमार ने गंगा नदी से हो रहें अवैध बालू उतखनन पर रोक लगाने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि इस कारण से उनके खेत में बाढ़ के समय बालू घुस जाता है जिससे वो सही से खेती नहीं कर पाते। शादीपुर वार्ड संख्या 24 निवासी मंजू देवी, तारा देवी आदि ग्रामीणों ने इस क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की। बागेश्वरी खड़गपुर निवासी कुंदन कुमार ने कहा कि वो भूमिहीन हैं और रहने हेतु जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। पुरानीगंज वार्ड 34 निवासी रवि मोहन सहित अन्य ग्रामीणों ने वहां के कच्ची गली में सड़क एवं नाली निर्माण कराने की मांग की। लालदरवाजा निवासी कुमारी अनीता ने सदर अंचलाधिकारी द्वारा उनकी जमीन के रकबा में सुधार नहीं किए जाने की शिकायत की। तारापुर गाजीपुर निवासी मो. परवेज ने परिवार के लोगों पर नाजायज तरीके से उनके हिस्से की जमीन हड़पने की शिकायत की। इसके अलावे भी जिलाधिकारी द्वारा कई आवेदनों की सुनवाई की गयी। जिलाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभिरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उस पर जांचोपरांत समुचित कार्रवाई के निदेश दिए।

# नुक्कड़ सभा के माध्यम से पूर्व रेलवे कर्मचारी संघ ने खोला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर रेल कारखाना में कर्मचारियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। भारतीय रेलवे मजदूर संघ के आह्वान पर अखिल भारतीय स्तर पर चलाए जा रहे विरोध सप्ताह के तहत पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ जमालपुर द्वारा कारखाना गेट संख्या-1 के समक्ष एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में रेलकर्मियों ने शामिल होकर रेलवे बोर्ड के फैसले के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष विजय चौरसिया, अंबिका प्रसाद तथा भारतीय रेलवे मजदूर संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष भानु पाठक थे। भानु प्रताप पाठक ने कहा कि कर्मचारी हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। रेलवे बोर्ड द्वारा कुल स्वीकृत पदों के दो प्रतिशत यानी 29,608 पदों को समाप्त करने का निर्णय पूरी तरह कर्मचारी विरोधी है। इससे रेलवे में पहले से चल रही मैनपावर की कमी और बढ़ेगी तथा कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रेलवे देश की जीवनरेखा है और कर्मचारियों की संख्या घटाकर रेलवे व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर विष्णुकांत शर्मा, विद्यासागर, धीरज, अजय, पप्पू, कौशल, विकास कुमार शहीद कई मौजूद थे।

# पुलिस ने नशे की हालत में एक को किया गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनपुर बागर पंचायत के चक मुजफ्फर से एक नशेड़ी को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी डंडारी थाने के उत्तरी कटरमाला पंचायत के सिसौनी के कैलाश शर्मा का पुत्र गौरव कुमार है। उसे नशे की हालत में चक मुजफ्फर मुशहरी के समीप उसे नशे की हालत में संध्या गश्ती के क्रम में पुअनि पूनम कुमारी साहा ने हिरासत में ले लिया। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया गया है।

# यात्रियों को दिया स्वच्छता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर मालदा रेल्वे डिवीजन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 15 मई से 5 जून तक संचालित इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अपशिष्ट पृथक्करण और प्लास्टिक विरोधी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का संचालन मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शुक्रवार को न्यू फरक्का, बड़हरवा, हंसडीहा सहित कई रेलवे स्टेशनों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों को कचरे के सही पृथक्करण, जैविक अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ स्टेशन बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (पर्यावरण एवं स्वास्थ्य प्रबंधन) प्रदीप दास के पर्यवेक्षण में चलाए गए अभियान में लोगों को अलग-अलग प्रकार के कचरे के लिए निर्धारित डस्टबिन का उपयोग करने और एकल-उपयोग प्लास्टिक से दूरी बनाने का संदेश दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की साझा जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान यात्रियों और कर्मचारियों को दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# अवैध बालू खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त

**बौंसी/बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अवैध खनन और बालू परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बौंसी थाना पुलिस एवं खनन विभाग की विशेष टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान बालू लदे एक ट्रैक्टर का पीछा किया गया, लेकिन चालक वाहन को अनियंत्रित कर पलटते हुए मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीम को क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस और खनन विभाग ने संयुक्त रूप से छापेमारी शुरू की।

# विभिन्न मारपीट की घटनाओं में महिला घायल, पुलिस कर रही मामले की जांच

**'नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नावकोठी। थाना के दो अलग अलग गांवों में हुई मारपीट में एक महिला जख्मी हुई। जिसका इलाज पीएचसी नावकोठी में की गई। जख्मी महिला पहसारा वार्ड संख्या 15 की साधु शरण सिंह की पत्नी सविता देवी है। साधु शरण थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गाँव के ही सुनीत कुमार सिंह उर्फ मेटिया सहित अन्य पांच पर मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि वह अपने घर का मरम्मत करा रहा था। छत के पानी निकासी के लिए पाइप डाल रहा था, इसी पर सभी नामजद ने उसके तथा उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। वही नावकोठी के वार्ड संख्या 13 में मामूली विवाद में उभय पक्षों में मारपीट हुई। उभय पक्षों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर एक दूसरे पर मारपीट करने, छेड़खानी करने, बाइक, मोबाइल क्षतिग्रस्त कर देने का आरोप लगाकर नामजद किया है। महफूज की पत्नी सजरूण बेगम ने गाली गलौज तथा मारपीट करने का आरोप लगाकर गांव के ही राहुल कुमार, बंटी कुमार तथा रोहित कुमार को नामजद किया है। वही इन्द्र देव महतो की पत्नी बेबी देवी ने सरफू, महफूज अन्य दो पर गालीगलौज करने, बाइक तथा मोबाइल क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाकर नामजद किया है। थानाध्यक्ष कांड अंकित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए राहुल कुमार को गिरफ्तार तथा एक अन्य को निरूद्ध किया है। अग्रेतर कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया है।

## पृष्ठ एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले...

न्यायालय एवं विधानसभा सचिवालय के आदेश से यह स्पष्ट हो गया है कि 15वीं बिहार विधानसभा के दौरान सोम प्रकाश सिंह की सदस्यता वैध नहीं थी। उनके अनुसार इसका अर्थ है कि उस अवधि में ओबरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व विधिसम्मत रूप से शून्य माना जाएगा। श्री चंद्रवंशी ने कहा है कि वर्षों के संघर्ष और न्यायिक प्रक्रिया के बाद सत्य की विजय हुई है तथा यह फैसला लोकतंत्र, संविधान और न्यायपालिका की गरिमा को मजबूत करने वाला है। उन्होंने मांग की है कि 15वीं बिहार विधानसभा के उस कार्यकाल के दौरान उन्हें वैधानिक रूप से सदस्य घोषित किया जाए तथा पिछले 16 वर्षों से लंबित वेतन, भत्ता एवं अन्य सुविधाओं का भुगतान अविलंब किया जाए। बताया गया है कि इस संबंध में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष एवं चुनाव आयोग को पत्र भेजकर न्यायोचित कार्रवाई की मांग की गई है। संबंधित पक्ष ने यह भी कहा है कि यदि इस स्तर पर न्याय नहीं मिला तो वे अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। राजनीतिक एवं कानूनी हलकों में इस पूरे घटनाक्रम को बिहार की संसदीय राजनीति और निर्वाचन न्यायशास्त्र से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मामला माना जा रहा है, जिस पर आने वाले दिनों में और बहस तेज होने की संभावना है।

# शहर में जाम से निजात की दिशा में बड़ा कदम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में बढ़ती जाम की समस्या से निजात दिलाने, यातायात संचालन को सुरक्षित एवं सुचारू बनाने तथा ऑटो परिचालन व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से ऑटो एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित ऑटो वाहनों के लिए निर्धारित रूट के अनुसार परिचालन सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कुल 07 रूट निर्धारित करने का निर्णय लिया गया तथा प्रत्येक रूट के लिए अलग-अलग रंग निर्धारित किया जाएगा। सभी ऑटो चालकों को अपने निर्धारित रूट के अनुसार रंग कोड का पालन करना अनिवार्य होगा जिससे यात्रियों को रूट की पहचान करने में सुविधा होगी तथा यातायात व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बन सकेगी। इसके लिए आवेदन पत्र जारी किया जाएगा। इच्छुक ऑटो स्वामियों को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा तथा रूट का आवंटन "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। आवेदन प्राप्ति के लिए 07 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है। निर्धारित रूटों के अंतर्गत रमेश चौक (महाकाल मंदिर) से कर्मा भगवान पुलिस लाइन, रमेश चौक (महाकाल मंदिर) से जसोईया मोड़, रमेश चौक (बद्रीनाथ मार्केट) से रामाबाँध बस स्टैंड, रमेश चौक (बद्रीनाथ मार्केट) से सिन्हा कॉलेज, रमेश चौक (बद्रीनाथ मार्केट) से फारम तक, काली क्लब से कुशवाहा नगर एवं वापस गुप्ता हॉल होकर काली क्लब (वन-वे) तथा धर्मशाला से यमुना नगर एवं वापस धर्मशाला तक रूट निर्धारित किए गए हैं। प्रशासन द्वारा सभी ऑटो चालकों एवं वाहन मालिकों से अपील की गई कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें। बैठक में ऑटो एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए व्यवस्था को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में सभी मोटरयान निरीक्षक, सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक तथा टेम्पू एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव सच्चिदानन्द सिंह तथा आनंद कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बने श्रीकांत कुमार वर्मा

**नबिटा संवाददाता**

**हसपुरा**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर गुरुवार को हसपुरा शहर स्थित रामदेव प्रसाद महिला महाविद्यालय परिसर में बैठक एवं चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी जैनेन्द्र कुशवाहा ने की। चुनाव प्रक्रिया में जिला पर्यवेक्षक सुभाष सिंह चंद्रवंशी, सह पर्यवेक्षक रामपरीखा सिंह, प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी बिजेन्द्र सिंह, पर्यवेक्षक रामबली सिंह, अशोक मेहता एवं विनोद कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के सक्रिय सदस्य मौजूद रहे। निर्वाची पदाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर बल दिया।

# सशक्त समिति के चुनाव के लिए वार्ड पार्षदों की बढ़ी सक्रियता




**नबिटा संवाददाता / उपेंद्र कश्यप**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । नगर परिषदों में सशक्त स्थाई समिति सदस्यों का चुनाव 30 मई को होना है। पहले यह चुनाव 16 अप्रैल को ही होना था, लेकिन 15 अप्रैल को अचानक से सरकार ने इसे स्थगित कर दिया था। सब तैयारी धरी की धरी रह गई थी। चाहे वार्ड पार्षदों की तैयारी हो या प्रशासन की, सब की सब तैयारी अचानक से रुक गई। असमंजस की स्थिति बनी हुई थी कि अब नगर मंत्री के लिए चुनाव कब होगा, लेकिन सरकार के नए आदेश के अनुसार 30 मई को दाउदनगर नगर परिषद के सशक्त स्थाई समिति के तीन सदस्यों का निर्वाचन वार्ड पार्षदों के मतों से किया जाना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका) सह जिला पदाधिकारी द्वारा सभी वार्ड पार्षदों को इस आशय की जानकारी पत्र के माध्यम से भेज दी गई है। चुनाव की प्रक्रिया अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में निर्धारित तिथि को 8:00 बजे सुबह आरंभ होगी। संभावना यही व्यक्ति की जा रही है कि 16 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए जिन वार्ड पार्षदों ने प्रत्याशी बनने की तैयारी की थी, वही इस बार भी सक्रिय हैं। हालांकि अंतिम समय में ही स्पष्ट हो सकेगा कि कौन नगर मंत्री के पद के प्रत्याशी है और कौन नहीं, क्योंकि नामांकन निर्वाचन के दिन ही अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में होना है। इसलिए अभी सब अनुमान पर है। जो वार्ड पार्षद नगर मंत्री का चुनाव लड़ना चाहते हैं, वह अपने समर्थक वार्ड पार्षदों को अपने साथ जोड़े रखना और जो समर्थक नहीं हैं, उनको जोड़ने की कवायद में लगे हुए हैं।

## एक नजर

### मारपीट में दो महिलाएं जख्मी

**मदनपुर (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। मदनपुर थाना के क्षेत्र के सोन्डीह गांव में गुरुवार की रात मारपीट हो गई जिसमें दो महिलाएं जख्मी हो गई। आरोप है कि एक आरोपी शराब सेवन कर बोतल दूसरे घर के छत पर फेक रहा था। मना करने पर विवाद हो गया। मारपीट के दौरान दो महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक इलाज कर गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घायलों में सोन्डीह निवासी संतन ठाकुर की पत्नी चन्द्रावती देवी, पंकज कुमार ठाकुर की पत्नी अस्मृता कुमारी एवं संतन ठाकुर शामिल हैं। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। थाना के एस आई स्नेहा भारती ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुए हैं। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आंगनबाड़ी केंद्र के उद्घाटन से बच्चों को शिक्षा के साथ मिलेगा पौष्टिक आहार

**मदनपुर (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के चाल्हो पहाड़ तटीय गांव टिकवा स्थान में नव निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का अपर समाहर्ता रितेश यादव एवं डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काट कर उद्घाटन किया। गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र खुलने से ग्रामीणों में खुशी की माहौल है। अपर समाहर्ता रितेश कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है। यहां बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ पोषण, टीकाकरण और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार काम कर रही है। डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार ने कहा कि इस सुदूरवर्ती इलाकों में आंगनबाड़ी खुलने से जहां बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पौष्टिक भोजन मिलेगा। बच्चों के भविष्य संवारने और उसे कुपोषण से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया है। ताकि क्षेत्र के बच्चों को सुविधा मिले। सेविका के हाथों ही बच्चों का भविष्य है। इसे सजाना व संवारना सेविका का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के माध्यम से गांवों में जनोपयोगी भवनों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल सके। इस अवसर पर सीओ मो. अकबर हुसैन, बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, मुखिया सविता देवी, सेविका उषा देवी, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।




# बिहार के पंजीकृत फार्मासिस्टों के लिए टर्म इंश्योरेंस योजना लागू करने की मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार के पंजीकृत फार्मासिस्टों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल के निर्वाचित सदस्य डॉ. विकास कुमार सिंह ने बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष को पत्र लिखकर फार्मासिस्टों के लिए समूह टर्म इंश्योरेंस योजना लागू करने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि राज्य के फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दवाओं के सुरक्षित वितरण, मरीजों को औषधीय परामर्श देने तथा जनस्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका अत्यंत अहम है। इसके बावजूद कई फार्मासिस्ट आकस्मिक बीमारी, दुर्घटना अथवा असामयिक निधन की स्थिति में आर्थिक असुरक्षा का सामना करते हैं। डॉ. सिंह ने फार्मेसी अधिनियम, 1948 की धारा 32(2) के अंतर्गत बिहार के सभी पंजीकृत फार्मासिस्टों के लिए समूह स्तर पर टर्म इंश्योरेंस योजना शुरू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि किसी प्रतिष्ठित बीमा कंपनी के साथ समन्वय स्थापित कर यह योजना लागू की जा सकती है, जिससे कम प्रीमियम पर अधिकतम सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि इस योजना से फार्मासिस्टों एवं उनके परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिलेगी, साथ ही उनके पेशेवर आत्मविश्वास एवं मनोबल में भी वृद्धि होगी। डॉ. सिंह ने इसे बिहार के फार्मेसी पेशे के लिए एक ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी कदम बताते हुए काउंसिल से सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई है।

# गुरारू रेलवे स्टेशन पर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। निरीक्षक प्रभारी रफीगंज राम सुमेर के निर्देशन में रेसुब कैंपिंग बल गुरारू एवं रफीगंज पोस्ट अधिकारियों द्वारा गुरारू रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों को सुरक्षित पास कराने एवं अपराधिक गतिविधियों की निगरानी को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान प्लेटफार्म संख्या-01 पर बने यात्री शेड के पास बैठे एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास मौजूद दो बैगों से भारी मात्रा में इंडिया मेड अंग्रेजी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान राजेंद्र कुमार (42 वर्ष), पिता स्व. संत प्रसाद, निवासी मखलौटगंज ढोलकिया गली वार्ड संख्या-19, थाना कोतवाली, जिला गया के रूप में हुई है। बरामद शराब में 03 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड अल्ट्रा प्रीमियम व्हिस्की (750 एमएल), 19 बोतल रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की (750 एमएल) एवं 48 बोतल ऑफिसर्स चॉइस एलीट व्हिस्की फ्रूटी (180 एमएल) शामिल हैं। कुल बरामद शराब की मात्रा 25.140 लीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 24,980 रुपये है। मौके पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए बरामद शराब एवं गिरफ्तार आरोपी को अग्रिम कार्रवाई हेतु रेसुब पोस्ट रफीगंज के सउनि अविनाश कुमार द्वारा राजकीय रेल थाना गया को सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त लिखित शिकायत के आधार पर राजकीय रेल थाना गया में कांड संख्या 141/2026 दिनांक 22.05.2026 दर्ज किया गया है। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम 2022 की धारा 30(a) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बिहार के लिए यादगार बनेगा रक्तदाता महाकुंभ-2



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने के लिए अपना रक्तदान करने वाले देश-विदेश के सैकड़ों महिला एवं पुरुष रक्तदाताओं का ऐतिहासिक संगम आगामी 4 एवं 5 जुलाई को आयोजित होने वाले "रक्तदाता महाकुंभ-2" में देखने को मिलेगा। रक्त सेवा से जुड़ी स्वयंसेवी संस्था "पथ प्रदर्शक" द्वारा गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार (रोहतास) के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय रक्तदाता सम्मेलन सह रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस महाकुंभ में नेपाल और भूटान सहित देश के 25 राज्यों से रक्तदान सेवा से जुड़े सैकड़ों महिला-पुरुष रक्तदाता भाग लेंगे और रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश करेंगे। आयोजन में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़ और सिक्किम समेत विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुक्रवार को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविन्द नारायण सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनसंपर्क अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा हुई कि देश-विदेश से आने वाले सभी अतिथि रक्तदाता यहां से सुखद अनुभव और बेहतर स्मृतियां लेकर लौटें। आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुलाधिपति के निजी सहायक कृष्णा साहू, जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह एवं सूरज कुमार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# अधिग्रहित जमीन पर मापी को लेकर किसानों के बीच दिखे मतभेद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए अधिग्रहित जमीन की मापी का रास्ता साफ हो गया है। जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में धनीवार गांव के किसानों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में किसानों की सहमति के बाद एडीएम ने आगामी सोमवार से जमीन की मापी शुरू कराने का निर्णय लिया है। हालांकि, बैठक के दौरान और बाहर निकलते ही मुआवजे और अदालती मामले को लेकर किसानों के बीच आपसी मतभेद और नाराजगी भी खुलकर सामने आई। बैठक में प्रशासनिक और एनएचएआई के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इनमें एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह, एसडीएम संतन कुमार सिंह, एडीएम आपदा उपेंद्र पंडित, एनएचएआई पीडी, पीएनसी इन्फ्राटेक के जीएम मनीष सिंह, अजीत कुमार झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु तथा अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश मुख्य रूप से शामिल थे। अधिकारियों ने परियोजना की प्रगति और जमीन मापी को लेकर किसानों के सामने प्रशासनिक पक्ष रखा। बैठक में किसानों का समर्थन मिलने पर एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह ने घोषणा की कि सोमवार से एक्सप्रेस-वे के लिए तय जमीन की मापी का काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने किसानों को राहत देते हुए कहा कि जिन रैयतों का एलपीसी या अन्य जरूरी कागजात अभी तैयार नहीं हो पाया है, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रशासन इसके लिए धनीबार गांव में ही विशेष कैंप लगाएगा, जहां मौके पर ही किसानों के दस्तावेज तैयार किए जाएंगे। अधिग्रहित जमीन की मापी को लेकर बैठक में मौजूद किसानों के विचार बंटे हुए नजर आए। एक तरफ जहां कुछ किसानों ने विकास कार्य और मापी का समर्थन किया, वहीं दूसरी तरफ कई किसानों ने इस पर कड़ा एतराज जताया। विरोध कर रहे किसानों का कहना था कि जमीन से जुड़ा मामला अभी न्यायालय में लंबित है, इसलिए कोर्ट का फैसला आने से पहले मापी कराना पूरी तरह गलत है।बैठक खत्म होने के बाद सभागार से बाहर निकलते ही किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन उन पर जबरन दबाव बनाकर मापी कराने की कोशिश कर रहा है। बैठक में शामिल किसान बैधनाथ तिवारी ने प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासन फूट डालो और शासन करो की नीति पर चल रहा है। एक ही गांव में किसानों को मुआवजे की दर अलग-अलग दी जा रही है, जो सरासर नाइंसाफी है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जब तक यह मामला अदालत में विचाराधीन है, तब तक प्रभावित किसान किसी भी कीमत पर मापी का समर्थन नहीं करेंगे।

### शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बारून/नबिटा सं**। पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी रुप से लागू करने के लिए पुलिस लगातार सघन अभियान चला रही है। इसी कड़ी में नरारी कला खुर्द थाना की पुलिस ने कार्रवाई के फलस्वरूप भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक लग्जरी इनोवा कार को जब्त किया है और धंधे में संलिप्त दो अंतरजिला धंधेबाजों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने शोभेखाफ बालू घाट के समीप घेराबंदी कर सघन चेकिंग अभियान शुरु किया। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध सफेद रंग की इनोवा कार तलाशी ली तो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने कार से कुल 55 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की, जिसका कुल मात्रा 475.2 लीटर है। साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया


**NAME CHANGE**

I hitherto known as Priyanka kumari c/o Jitendra Prasad R/o vill+ post- Parsa Bazar, Thana- Parsa Bazar, Distt. - Patna Bihar PIN- 804453 have changed my name and I shall hereafter be known as Munni Devi


### विद्यालय की कुव्यवस्था पर बीइओ ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र की ढोसिला पंचायत स्थित वाजिद नीमा मध्य विद्यालय में कुव्यवस्था की शिकायत मिलने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) अमर कुमार ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने विद्यालय विकास राशि में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। वहीं छात्र-छात्राओं ने नामांकन एवं टीसी देने के नाम पर अवैध राशि वसूले जाने की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में कुछ ही बच्चों को बैग और किताब उपलब्ध कराए गए हैं। विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। निरीक्षण के बाद बीईओ अमर कुमार ने प्रधानाध्यापिका को विद्यालय का संचालन सही ढंग से करने, नियमित रूप से शिक्षा समिति की बैठक आयोजित करने तथा शीघ्र पेयजल सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया।

### पूर्व मुखिया के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। प्रखंड क्षेत्र के कासमा थाना के अरथुआ पंचायत के 55 वर्षीय पूर्व मुखिया लालमुनी पासवान के निधन पर पैतृक घर नीमा हुडराही पहुंच कर लोगो ने शोक जताया। 21 मई को बिमारी के कारण उनकी मौत हो गयी। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा सह पूर्व जिला पार्षद दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला पार्षद सदस्य विकास पासवान, ढ़ोसिला पैक्स अध्यक्ष मनीष सिंह, लोजपा प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश पासवान, लोजपा नेता डा. राम विलास पासवान, डा. उपेंद्र पासवान, लालदेव पासवान, महामाया पासवान, विश्राम दास, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजदेव पासवान, अनिल पासवान, जितेन्द्र पासवान सहित कई लोगों ने आत्मा के शांति के लिये दो मिनट मौन रखा एवं ईश्वर प्रार्थना किया।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

वर्ष 2026 के मई माह के लिए ई–नीलामी कार्यक्रम के संदर्भ में, जो पूर्व में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, एन. एस. रोड, कोलकाता–700001 द्वारा प्रकाशित किया गया था, इसमें हावड़ा मंडल के तहत उपर्युक्त माह के लिए ई–नीलामी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है, मौजूदा तिथि 28.05.2026 को अब **04.06.2026** पढ़ा जाना चाहिए। डिपो/मंडलों की अन्य तिथियाँ अपरिवर्तित रहेंगी।

STORES-12/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–एलसीगेट–11–12, दिनांक: 20.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई–एलसीगेट–11–12** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल : निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य–शेड्यूल ए–हावड़ा मंडल के बर्द्धमान और कटवा के बीच किमी 18 में गेट नं. 11 पर एलसी गेटों का उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग जिसका टीयूवी>20000 है। शेड्यूल बी–हावड़ा मंडल के आजिमगंज–नलहाटी के बीच किमी 31/39–32/01 में गेट नं. 12 पर एलसी गेटों का उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग जिसका टीयूवी>20000 है।। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,22,81,604.05, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 6,45,600/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 01.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-91/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



निविदा आमंत्रण सूचना (Eproc-2.0 के माध्यम से)

मानक निविदा आमंत्रण सूचना 50 kennel ABC Dog Shelter (डबल बीड पद्धति)

कार्यालय का नाम

बिहार सरकार

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद**

निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)

संख्या– NIT No-01/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, का कार्यालय, नगर परिषद, औरंगाबाद, बिहार।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक–20.05.2026
3. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–01.06.2026 से दिनांक–08.06.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान, दिनांक :– 01.06.2026 को समय 2:00 बजे अपराह्न नगर परिषद, औरंगाबाद सभाकक्ष
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि :– दिनांक–08.06.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :– दिनांक–08.06.2026 समय 3:30 बजे अपराह्न
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तक नीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. **कार्य की विवरणी–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु॰ में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Selection of Agencies for the Implementation of Animal Birth Control (ABC) Programme in Aurangabad District of Bihar Including Construction, Equipment and Operation & Maintenance of District ABC Centres (Capacity of 50 Cells) | 12218000.00 | 244400.00 | 10000.00 | As Per Eproc2.0 | 6 Month |

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in मे देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, औरंगाबाद

PR- 003915 (B & C) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)**

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर**

पूर्न निविदा आमंत्रण की सूचना सं0 – 06/2026–27

(ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, नवीनगर
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि दिनांक :– 20.05.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान :– दिनांक–26.05.2026 को समय 02:00 बजे अप्रा0 कार्यालय कक्ष, नगर पंचायत, नवीनगर
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांकः– 08.06.2026 से दिनांक 16.06.2026 के 03:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक :– 16.06.2026 समय 03:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :– दिनांक–17.06.2026 समय 03:30 बजे से
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त ।

कार्य की विवरणी – मद :–15th Finance, 6th Finance

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु॰ में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (onlineके माध्यम से) Website:- www.eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड सं0 – 02 में रमजान बिगहा तथा वार्ड सं0 – 10 में पंडा मुहल्ला एवं कुम्हार टोली तथा वार्ड सं0 – 11 में मुरली बेलाई एवं सत्यनारायण सिंह के घर के पास (कोसडिहरा) तथा वार्ड सं0 – 12 में भवानोखाप में नल –जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4315289.00 | 86400.00 | 5000.00 | 590.00 | 04 माह |
| 2 | वार्ड सं0 – 04 में पाल भवन के पास एवं मध्य विद्यालय के पास तथा वार्ड सं0 – 05 में रामनगर , गुर्दी , कुर्मी पोखरा , जनकपुर पोखरा एवं खरौंधा में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4627081.00 | 92600.00 | 5000.00 | 590.00 | 04 माह |
| 3 | वार्ड सं0 – 06 में शंकरपुर देवी मंदिर के पास एवं महिप बिगहा तथा वार्ड सं0 – 07 में पुरानी पी0एन0बी0 के पास तथा वार्ड सं0– 08 में केदार सेठ के घर के पास तथा वार्ड सं0 – 09 में मंगल बाजार एवं मंसुरी मुहल्ला अम्बेडकर नगर में नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 4934836.00 | 98700.00 | 5000.00 | 590.00 | 04 माह |
| 4 | वार्ड सं0 – 14 में शिवराजपुर , जोबे एवं जोबे बिगहा पर नल – जल योजना का मरम्मती एवं रख – रखाव का कार्य । | 3064918.00 | 61300.00 | 5000.00 | 590.00 | 04 माह |

**Note:-** Bidders Should Submit Bid Processing Fee Through Online Payment As Per Amount Generated On websitewww.eproc2.bihar.gov.in

8. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत नवीनगर

PR. No. 003900 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज : शिक्षा की गौरवपूर्ण परम्परा का विराट प्रतीक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद की धरती पर यदि शिक्षा के किसी तीर्थ का नाम सबसे अधिक श्रद्धा और गर्व के साथ लिया जाता है, तो वह है सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज। यह केवल एक महाविद्यालय नहीं, बल्कि पीढ़ियों के सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों का विराट इतिहास है। शायद ही औरंगाबाद और उसके आसपास का कोई ऐसा घर हो, जहां पढ़े-लिखे लोगों में इस महाविद्यालय का कोई पूर्ववर्ती छात्र न रहा हो। इस संस्थान ने लाखों युवाओं को शिक्षा देकर उनके जीवन की दिशा बदली है और समाज को एक नई चेतना प्रदान की है। सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज की कहानी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की उस तपती धूप से निकलती है, जब पूरा देश आजादी के स्वप्न को साकार करने के लिए संघर्षरत था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन ने केवल राजनीतिक चेतना ही नहीं जगाई, बल्कि स्वदेशी शिक्षा और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षण संस्थानों की आवश्यकता को भी नई ऊर्जा दी। उसी राष्ट्रीय भावना की कोख से 1943 में इस महाविद्यालय का जन्म हुआ। 1944 में इसे पटना विश्वविद्यालय से संबद्धता मिली और आगे चलकर 1962 में मगध विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद यह उसका सबसे पुराना और गौरवशाली अंग बना। इस महाविद्यालय की स्थापना के पीछे स्वतंत्रता सेनानी और अधिवक्ता अखौरी कृष्ण



डॉ. सुधीर कुमार मिश्र
प्राचार्य

प्रसाद सिन्हा की दूरदृष्टि और सामाजिक समर्पण था। उनके साथ अनुग्रह नारायण सिंह और डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा जैसी विभूतियों का सहयोग भी मिला। डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा के योगदान को सम्मान देते हुए महाविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखा गया। दरअसल, इस कॉलेज की नींव उससे भी पहले पड़ चुकी थी। 1915 में स्थापित गेट हाई स्कूल, जिसे आज अनुग्रह इंटर कॉलेज के नाम से जाना जाता है, ने औरंगाबाद में शिक्षा का ऐसा वातावरण बनाया, जिसने उच्च शिक्षा की आवश्यकता को जन्म दिया। मैट्रिक पास कर निकलने वाले छात्रों की आंखों में विश्वविद्यालयी शिक्षा के सपने थे और उन्हीं सपनों ने सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज को जन्म दिया। महाविद्यालय के प्रथम प्राचार्य आचार्य जनार्दन प्रसाद झा द्विज थे, जिनकी विद्वता ने इस संस्थान को सांस्कृतिक और साहित्यिक ऊंचाइयों से जोड़ा। महाविद्यालय के विद्वान प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र बताते हैं कि आज यहां कला, विज्ञान और वाणिज्य सहित परंपरागत तथा व्यावसायिक विषयों को मिलाकर 26 विषयों की पढ़ाई होती है। 17 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट से लेकर स्नातकोत्तर तक की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बीबीएम, एमबीए, बी फार्मा, बायोटेक्नोलॉजी, एमसीए और बीएड जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम इस संस्थान को आधुनिक रोजगारपरक शिक्षा का केंद्र बनाते हैं। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से उत्कृष्ट मान्यता प्राप्त यह महाविद्यालय आज राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत मॉडल कॉलेज का दर्जा भी हासिल कर चुका है। यहां शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है। खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास में भी इस संस्थान के छात्र विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी चमक बिखेर रहे हैं। कुशल, अनुभवी एवं योग्य प्राध्यापकों-व्याख्याताओं की टीम, आधुनिक जिम, विकसित खेल मैदान और छात्रावासों की व्यवस्था इसे एक पूर्ण शैक्षणिक परिसर बनाती है। यही कारण है कि इस परिसर में मगध विश्वविद्यालय की उप शाखा खोली गयी है। सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज आज भी केवल ईंट-पत्थरों का भवन नहीं, बल्कि औरंगाबाद की सामूहिक स्मृति, संघर्ष और स्वाभिमान का जीवंत प्रतीक है। इसकी दीवारों में इतिहास की गूंज है, प्रांगण में सपनों की आहट है और कक्षाओं में भविष्य की धड़कन सुनाई देती है।

## शिक्षा का वटवृक्ष बना पन्नू लाल सिंह महाविद्यालय, जत्तीचक मसौढ़ी





पटना जिले के मसौढ़ी अनुमंडल में स्थित पन्नू लाल सिंह महाविद्यालय, जत्तीचक आज ग्रामीण उच्च शिक्षा का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। कभी खपरैल के मात्र तीन कमरों से शुरू हुआ यह संस्थान अब पांच एकड़ में फैले आधुनिक परिसर, भव्य शैक्षणिक भवनों और छात्रावास सुविधाओं के साथ हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य को नई दिशा दे रहा है। मसौढ़ी से करीब 35 किलोमीटर दक्षिण और तारेगना रेलवे स्टेशन से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह महाविद्यालय ग्रामीण प्रतिभाओं के सपनों को उड़ान देने का बड़ा माध्यम बन चुका है। वर्ष 1980 में क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय पन्नू लाल सिंह की स्मृति में स्थापित इस महाविद्यालय ने पिछले 45 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। विद्वानों, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास से स्थापित यह संस्थान आज इलाके के हजारों विद्यार्थियों के लिए उम्मीद का केंद्र बन गया है। महाविद्यालय का सफर बेहद संघर्षपूर्ण लेकिन प्रेरणादायक रहा है। शुरुआत में केवल तीन खपरैल कमरों में चलने वाला यह शिक्षण संस्थान आज विशाल भवनों, सुसज्जित कक्षाओं और आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिसर में बदल चुका है। छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए अलग छात्रावास की व्यवस्था भी की गई है। महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। परिसर में स्मार्ट क्लासरूम, समृद्ध पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब और खेल मैदान जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पन्नू लाल सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य दामोदर सिंह ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं तक स्नातक स्तर की शिक्षा को सहज और सुलभ बनाना है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि विद्यार्थी शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और जीवन की हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हों। इसके लिए महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित कराई जाती है। करियर काउंसिलिंग के माध्यम से उनके भविष्य की योजनाओं पर भी मार्गदर्शन दिया जाता है। महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके हजारों छात्र-छात्राएं आज प्रशासनिक सेवा, शिक्षण, बैंकिंग, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सफलता हासिल कर रहे हैं। संस्थान लगातार ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर समाजसेवी पन्नू लाल सिंह के उस सपने को साकार कर रहा है, जिसमें हर गरीब परिवार तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाने की कल्पना की गई थी। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में स्नातक नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क कर नामांकन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। **Advt.**


शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र प्रसाद
जिला शिक्षा पदाधिकारी
औरंगाबाद (बिहार)
विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर सभी नागरिकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
भोला प्रसाद कर्ण
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना
शिक्षा विभाग
औरंगाबाद (बिहार)
स्कूलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता

मदनपुर महाविद्यालय
मदनपुर (औरंगाबाद)
- स्नातक के तीनों संकायों- कला, वाणिज्य एवं विज्ञान में योग्य तथा अनुभवी प्राध्यापकों द्वारा अध्यापन।
- उच्च शिक्षा प्रदान करने वाला मदनपुर प्रखंड का एकमात्र शिक्षण संस्थान।
- सह-शिक्षा की व्यवस्था।
- हर वर्ष बेहतर परीक्षाफल।
- नामांकन के लिए संपर्क करें।
शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
बलिक राज सिंह, प्राधानाचार्य
धनंजय सिंह, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक, अध्यक्ष

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजकीय मध्य विद्यालय
भरवार (औरंगाबाद)
धनंजय कुमार
प्रधानाध्यापक

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजकीय मध्य विद्यालय
बतवां (औरंगाबाद)
अमरावती कुमारी
प्रभारी प्रधानाध्यापिका

ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल
सिंगरियावां, प्रखंड-दनियावां (पटना)
की ओर से नवबिहार टाइम्स द्वारा प्रकाशित शिक्षा परिशिष्ट की सफलता की शुभकामनाएं
नामांकन प्रारंभ है
डॉ. रविरंजन
निदेशक

इंटर साइंस कॉलेज
(झारखंड एकेडमिक काउंसिल, रांची एवं एच.आर.डी. झारखंड से स्थायी रूप से संबद्ध)
कैनरी-कोर्रा रोड, जबरा, हजारीबाग
हमारी विशेषताएं :-
- बेहतर शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी शिक्षकों की टीम एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- +2 इकाई के रूप में वर्ष 2005 से शिक्षा के क्षेत्र में दे रहा उत्कृष्ट योगदान
- समर्पित व्याख्याताओं की टीम द्वारा अनुशासित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था
- संस्थान में ऑनलाइन कक्षाएं, परीक्षा, मूल्यांकन, परिणाम एवं पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध
- विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बस की सुविधा
- समृद्ध पुस्तकालय, रेफरेंस पुस्तक एवं सुसज्जित प्रयोगशालाएं
- प्रबंधन समिति में सचिव डॉ. अजय कुमार शर्मा, अध्यक्ष डॉ. के. के. श्रीवास्तव एवं प्राचार्य बसंत कुमार झा शामिल
बसंत कुमार झा
प्राचार्य

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजकीय मध्य विद्यालय
यारी (औरंगाबाद)
प्रधानाध्यापक

शिक्षा परिशिष्ट की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सुमन लता
प्रधानाध्यापिका
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
आनंदपुरा, देव (औरंगाबाद)

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजकीय मध्य विद्यालय
चतरा, देव (औरंगाबाद)
ज्योति खलखो
प्रधानाध्यापक

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजकीय मध्य विद्यालय
माली, नवीनगर (औरंगाबाद)
पंकज कुमार
प्रधानाध्यापक

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजकीय मध्य विद्यालय
बभंडी (औरंगाबाद)
ब्रजेश कुमार सिंह
प्रधानाध्यापक

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
प्राथमिक विद्यालय
बारुन (औरंगाबाद)
अमरजीत कुमार
प्रधानाध्यापक

शिक्षा परिशिष्ट की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय
बारून (औरंगाबाद)

GYANDEEP PUBLIC SCHOOL
Nurturing Future with Excellence
Behind Mrignainy Hotel, New Area, Aurangabad
CBSE CURRICULUM Nursery to 10th
ADMISSION OPEN 2026
Equipped with all modern educational aids and amenities. Hygienic, peaceful and Competitive Environment.
KUMAR LAKSHMI KANT SINGH, DIRECTOR
DHANANJAY KUMAR SINGH, DIRECTOR
AMIT KUMAR SINGH, DIRECTOR
शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकमनाएं
Mobile : 8809696463, 9931442210 | Email : gyandeep.aurangabad@gmail.com

शिक्षा परिशिष्ट के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
प्राथमिक सह संस्कृत उच्च विद्यालय
संस्कृत विद्यालय रोड, औरंगाबाद
प्रफुल्ल कुमार
प्रधानाध्यापक

